● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 273, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 19 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अडानी के खिलाफ होगा पहला एक्शन: उद्धव 5

पुजारा की बार्डर-गावस्कर ट्राफी में एंट्री 6

## जी20 समिट में भुखमरी और गरीबी पर चर्चा होगी

### पीएम मोदी समेत वर्ल्ड लीडर्स जी20 समिट में पहुंचे, मोदी बोले-बाइडेन से मिल कर खुशी होती है

**ब्रासिलिया।** ब्राजील में 19वीं जी 20 समिट की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी और दुनिया के बाकी वर्ल्ड लीडर्स वेन्यू पर पहुंचे, जहां ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा और उनकी पत्नी ने मेहमानों का स्वागत किया।

समिट के दौरान पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाथ मिलाकर एक दूसरे का अभिवादन किया। इस मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बाइडेन से मिलकर हमेशा खुशी मिलती है।

जी 20 समिट के पहले सेशन का मुद्दा 'भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता' है। समिट दो दिन 18 और 19 नवंबर तक चलेगी। इस इकोनॉमिक संगठन में 19 देश और 2 संगठन (यूरोपियन यूनियन और अफ्रीकन यूनियन) शामिल हैं।



पिछली बार जी 20 समिट का आयोजन भारत में हुआ था।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार सुबह रियो डि जेनेरियो पहुंचे थे। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने संस्कृत मंत्रों से उनका स्वागत किया। इससे पहले मोदी दो दिन के लिए नाइजीरिया दौरे पर थे। वहां उन्हें सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से नवाजा गया। मोदी, ब्राजील के बाद गुयाना का दौरा करेंगे।

जी 20 समिट के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी रियो पहुंचे हैं। यहां सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बातचीत होने की संभावना है। अगर ब्राजील में मोदी और जिनपिंग मिलते है तो ये दोनों नेताओं की एक महीने के अंदर दूसरी मुलाकात होगी।

इससे पहले 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स समिट में दोनों नेता पांच साल बाद मिले थे। यहां उनके बीच 50 मिनट तक बात हुई थी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके बाद भारत और चीन ने देपसांग और डेमचोक से सेनाएं बुला ली थीं।

2020 में भारत-चीन सीमा पर हुई गलवान झड़प के बाद से 2024 ब्रिक्स समिट तक दोनों नेताओं के बीच कोई द्विपक्षीय मुलाकात नहीं हुई थी।

जी 20 के तीन एजेंडा के अलावा रूस-यूक्रेन और मीडिल ईस्ट के युद्ध पर भी वर्ल्ड लीडर्स चर्चा कर सकते हैं। पिछले साल भारत में हुए समिट के दौरान सभी सदस्यों ने यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा कर जॉइंट स्टेटमेंट जारी की थी। हालांकि यूक्रेन, इजराइल और फिलीस्तीन जी 20 का हिस्सा नहीं है। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन पहले ही समिट में शामिल होने से मना कर चुके हैं। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव समिट में शामिल होंगे।

नाइजीरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरे सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से नवाजा है। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू ने पीएम मोदी को सम्मानित किया। पीएम मोदी ने कहा- मैं नाइजीरिया के राष्ट्रीय सम्मान के लिए नाइजीरिया सरकार और नाइजीरिया की जनता का दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

यह सम्मान मैं 140 करोड़ भारतीयों और भारत-नाइजीरिया की गहरी मित्रता को समर्पित करता हूं।

## राज्यपाल ने सेना को सम्मानित किया

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव के वीरतापूर्ण साहसी प्रयासों के लिए सेना की 97 फील्ड रेजिमेंट को यूनिट साइटेशन पुरस्कार प्रदान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन में आयोजित गरिमामय समारोह में सेवा परमो धर्म के आदर्श वाक्य के प्रति सेना की प्रतिबद्धता को स्थापित करने में 97 फील्ड रेजिमेंट के योगदान की सराहना की। इकाई के कमान अधिकारी कर्नल देवमाल्या मुखर्जी और सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 97 फील्ड रेजिमेंट की यूनिट के दतिया और ग्वालियर जिलों में बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के दतिया और ग्वालियर जिलों में बाढ़ राहत कार्यों में 97 फील्ड रेजीमेन्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है: डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र में महायुति के प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो और जनसभाएं कीं। उन्होंने कलिना में विपक्ष पर तंज कसते हुए महिलाओं और देश की सशक्तिकरण योजनाओं की प्रशंसा की। उन्होंने जनता से महायुति को जिताने का आह्वान किया।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को महाराष्ट्र में महायुति के समर्थन में रोड शो और जनसभाओं का आगाज किया। मुंबई में कलिना विधानसभा क्षेत्र में महायुति प्रत्याशी अमरजीत के समर्थन में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। डॉ. यादव ने कहा, यह केवल अमरजीत का चुनाव नहीं है, बल्कि हर कार्यकर्ता को अमरजीत बनकर काम करना होगा, तभी हमारी जीत सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने जय श्री राम के नारे से सभा का उत्साह बढ़ाते हुए विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जैसे ही हम जय श्री राम बोलते हैं, दुश्मनों की छाती जल जाती है। उनके भीतर का भ्रम टूटने लगता है, और हम चाहते हैं कि यह और जोर से हो। डॉ. यादव ने महाराष्ट्र की धरती को छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मस्थली और बालासाहेब ठाकरे की कर्मस्थली बताते हुए कहा कि यह वही मुंबई है, जिसका शरीर महाराष्ट्र का और आत्मा उत्तर भारतीयों की है। यही समय है, सही समय है, जब हमें अपने संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने मध्यप्रदेश की लाड़ली बहना योजना का जिक्र करते हुए महाराष्ट्र सरकार के कदमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हाथ में पैसा देकर उन्हें सशक्त बनाना हमारे समाज को मजबूत करने का रास्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा है।

## आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा हटा देंगे

### महाराष्ट्र चुनाव से पहले राहुल गांधी ने फिर दोहराया बड़ा वादा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में दो दिन बाद विधानसभा चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों से आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा हटाने और देश में जाति जनगणना कराने का वादा किया। उन्होंने जाति जनगणना को सबसे बड़ा मुद्दा बताया। इसके साथ ही उन्होंने 20 नवंबर के विधानसभा चुनाव को विचारधाराओं की लड़ाई बताया। कांग्रेस नेता ने बताया कि फॉक्सकॉन और एयरबस समेत सात लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं महाराष्ट्र से गुजरात स्थानांतरित कर दी गईं, जिससे



राज्य के युवाओं को नौकरियों से हाथ धोना पड़ा। विधानसभा चुनाव से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने कहा, हमारे सामने जाति जनगणना एक बड़ा मुद्दा है और हम इसे कराएंगे। यह हमारा केंद्रीय स्तंभ है। उन्होंने आगे कहा, राज्य में महाविकास अघाड़ी की सरकार जनता के हितों की रक्षा करेगी। भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा, मुंबई में धारावी पुनर्विकास योजना में एक व्यक्ति की मदद करने के लिए पूरी राजनीतिक मशीनरी को झोंक दिया गया। राहुल गांधी ने भाजपा के एक है तो सेफ है नारे का मजाक उड़ाया। उन्होंने भाजपा पर महाराष्ट्र के लोगों के ऊपर उद्योगपति गौतम अदाणी के हितों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी और गौतम अदाणी का एक पोस्टर निकाला और कहा, जब तक वे एक साथ हैं तब तक वे सुरक्षित हैं। एक दूसरे पोस्टर में उन्होंने अदाणी समूह की धारावी पुनर्विकास परियोजना का मैप दिखाते हुए कहा कि यह मुंबई की संपत्ति का प्रतीक है।

## मुख्यमंत्री की प्रदेश में निवेश के लिये यूके-जर्मनी की 6 दिवसीय विदेश यात्रा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 से 30 नवंबर तक यूके और जर्मनी प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह विदेश दौरा मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देने और वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के साथ मुंबई, बैंगलुरु, कोयंबटूर और कोलकाता में 4 रोड-शो की अभूतपूर्व सफलता के बाद, यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के बीच मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने का एक अभूतपूर्व प्रयास है।

## झारखंड में जनता के लिए दी गई रकम की जो लूट हुई, उसका हिसाब होगा: योगी

**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को झारखंड की हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा। योगी ने कहा कि इस सरकार के अंतर्गत राज्य के कई इलाके रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों की अवैध गतिविधियों के केंद्र बन गए हैं।

योगी ने साहिबगंज के राजमहल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 23 नवंबर को चुनाव के नतीजों के बाद इन घुसपैठियों को झारखंड से भगा दिया जाएगा और झामुमो के नेतृत्व में गठबंधन के नेताओं ने



लोगों के लिए दी गई रकम की जो लूट की है, उसके लिए जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने कहा, राजमहल और साहिबगंज जैसे क्षेत्र अब बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के लिए अवैध गतिविधियों का केंद्र बन गए हैं। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन, जो कि उनके रहनुमा बने हैं, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। झारखंड में एनडीए की सरकार बनते ही घुसपैठियों को निकाल दिया जाएगा।

रैली के दौरान आदित्यनाथ ने लोगों से अपील की कि वह ऐसे नेताओं से सावधान रहें, जो समाज को जाति के आधार पर बांटने की बातें करते हैं। योगी ने उन्हें देश और समाज का दुश्मन करार दिया। यूपी सीएम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने फलते-फूलते झारखंड का सपना देखा था। लेकिन झामुमो-कांग्रेस और राजद के गठबंधन ने उनके सपने की अनदेखी की।

## लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल की अमेरिका में गिरफ्तारी की खबर आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैलिफोर्निया में उसे अरेस्ट किया गया है। अनमोल पर सलमान खान के घर फायरिंग कराने का आरोप है। सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर में भी अनमोल का नाम आया था।

दिल्ली और मुंबई पुलिस ने अभी तक गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है, लेकिन खुफिया एजेंसी के सूत्रों के अनुसार अमेरिका ने दो हफ्ते पहले अनमोल बिश्नोई के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

## आतिशी कैबिनेट में नए चेहरे की एंट्री, नांगलोई से विधायक हैं शौकीन

**नई दिल्ली।** नांगलोई जाट विधायक रघुविंदर शौकीन आतिशी सरकार में नए कैबिनेट मंत्री होंगे।आप ने सोमवार को यह जानकारी दी। शौकीन बाहरी दिल्ली से जाट नेता हैं। एक दिन पहले ही जाट नेता और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के पार्टी छोड़ने के एक दिन बाद सामने आया है। गहलोत के जाने से हुए नुकसान को नियंत्रित करने के लिए आप ने तुरंत कदम उठाते हुए शौकीन को शामिल करने की घोषणा की। गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। शौकीन ने कहा कि आम आदमी पार्टी सभी समाज को साथ लेकर चलती है। बीजेपी ने हमेशा ही जाट समाज के खिलाफ काम किया है। मैं अरविंद केजरीवाल का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे दिल्ली के लोगों की सेवा और विकास करने का मौका दिया है। वहीं आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन का मतलब ही हिंसा, लड़ाई-झगड़े और दंगा है।

## मणिपुर में ऑल आउट एक्शन प्लान, 24 घंटे चलेगा ऑपरेशन

**नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केंद्र सरकार ने अब बड़ा कदम उठाया है। इस बार ऑल आउट एक्शन प्लान का मसौदा तैयार किया गया है। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ को लीड रोल में रखा जाएगा। केंद्र सरकार में विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में 24 घंटे ऑपरेशन शुरु होगा। विद्रोहियों और हिंसक वारदातों में शामिल लोगों को उनके ठिकानों से बाहर निकाला जाएगा। पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर में अर्धसैनिक बलों के 2,500 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की थी। केंद्रीय बलों की 20 कंपनियों में से सीआरपीएफ की 15 और बीएसएफ की पांच कंपनियां शामिल थीं। अब बच्चों व महिलाओं सहित छह लोगों मौत के बाद सीआरपीएफ की चालीस अतिरिक्त कंपनियों को मणिपुर में रवाना करने की तैयारी हो रही है। इसके बाद सेना, लोकल पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की संख्या लगभग एक लाख के पार पहुंच जाएगी।

बता दें कि मणिपुर में सात नवंबर से लेकर अब तक लगभग बीस लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंसा और आगजनी की वारदात हो रही हैं। गुस्से में आए लोगों ने मुख्यमंत्री एवं दस विधायकों के घरों को भी नहीं बख्शा। नतीजा, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 नवंबर को इंफाल पश्चिम जिले में सेकमाई व लामसांग, इंफाल पूर्व में लामलाई, बिष्णुपुर में मोइरांग, कांगपोकपी में लीमाखोंग और जिरीबाम जिले में जिरीबाम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम %अफ्स्पा% लागू कर दिया गया है। सीआरपीएफ डीजी अनीश दयाल सिंह मणिपुर पहुंच चुके हैं। राज्य सरकार ने केंद्र से अनुरोध किया है कि 14 नवंबर को जिन क्षेत्रों में अफ्स्पा लागू किया है, उसे जनहित में वापस लिया जाए।

सूत्रों ने बताया, अब जो ऑल आउट एक्शन प्लान तैयार किया गया है, उसमें विद्रोहियों को उनके ठिकानों पर दबिश देकर दबोचा जाएगा।

## भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत

### बोले-किसी के दबाव में फैसला नहीं लिया

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता दिलाई है। वहीं इस दौरान दिल्ली भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे।

इस दौरान कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने आजतक किसी के दवाब में कोई काम नहीं किया है। जितनी भी ऐसी बातें मुझे सुनने में आ रही है कि मैंने ये सीबीआई के



दवाब में ऐसा किया या किसी और दवाब में किया ये गलत है। यह निर्णय एक दिन का नहीं है। हजारों लोग अन्ना के आंदोलन के बाद एक विचारधारा से जुड़े, मेरा राजनीति में आने का मकसद लोगों की सेवा करना है। लेकिन जिन मूल्यों के लिए आम आदमी पार्टी ज्वाइन की उनका पतन देखा तो मैं दंग रह गया।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर सुको का बड़ा आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में 12वीं तक से सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के राज्यों को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं शीर्ष न्यायालय ने इस दौरान दिल्ली सरकार से भी सवाल किया है कि उन्होंने बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए क्या किया है? बता दें कि न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## प्रदेश के 10 आईपीएस के ट्रांसफर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश गृह विभाग की तरफ से सोमवार को 10 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तबादला आदेश जारी किए गए। इसके अलावा दो राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के भी तबादला आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार तीन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को बदल गया है। इसके साथ ही नर्मदापुरम आईजी समेत अन्य अधिकारियों के पदों में भी बदलाव किए गए हैं। आदेश के अनुसार भोपाल की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय मीनाक्षी शर्मा को भोपाल पुलिस मुख्यालय में सामुदायिक पुलिसिंग एवं आरटीआई का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। वहीं, नर्मदापुरम के पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली को भोपाल पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए ग्वालियर विसबल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला को नर्मदापुरम जोन का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, जबलपुर रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी को भोपाल पुलिस मुख्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा जबलपुर के उप पुलिस महानिरीक्षक अतुल सिंह को जबलपुर रेंज का उप पुलिस महानिरीक्षक एवं उप पुलिस महानिरीक्षक विसबल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा शहडोल के पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक को भोपाल 23वीं वाहिनी, विसबल का सेनानी, छिंदवाड़ा आठवीं वाहिनी विसबल सेनानी रामजी श्रीवास्तव को शहडोल का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सिंगरौली की पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता को छिंदवाड़ा, 8वीं वाहिनी, विसबल का सेनानी बनाया गया है। छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को सिंगरौली का पुलिस अधीक्षक और 23वीं वाहिनी विसबल सेनानी अजय पांडे को छिंदवाड़ा को पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

## महायुति-एनडीए ने महाराष्ट्र में राजनीति की नई संस्कृति गढ़ी : नड्डा

### राहुल पर जेपी नड्डा का पलटवार, बोले- गठबंधन के साथी भी आपके साथ नहीं

**मुंबई।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को महाराष्ट्र में रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। नड्डा ने राहुल की तरफ से एक हैं तो सेफ हैं नारे का मखौल उड़ाए जाने को लेकर गुस्सा जताया और कहा कि एक हैं तो सेफ हैं का मतलब यह है कि अगर एकता है, तो हम सुरक्षित रहते हैं।

नड्डा ने कहा, पीएम मोदी जब कहते हैं कि एक हैं तो सेफ हैं, तो इसका मतलब होता है कि जब आप एक साथ रहेंगे तो सभी सुरक्षित रहेंगे। राहुल के एक हैं तो सेफ हैं का मतलब मैं आपको बताता हूं। राहुल की प्रेंस कॉन्फ्रेंस में महा विकास अघाडी का एक साथी मौजूद नहीं था। इनके एक का मतलब है कि अकेले हैं तभी सुरक्षित हैं। भाजपा प्रमुख ने आगे कहा कि राहुल गांधी हमेशा अकेले रहते हैं, इसलिए उन्हें लगता है कि वह सुरक्षित हैं। नड्डा ने राहुल पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि उन्हें पहले कांग्रेस के नेताओं को एकजुट करना चाहिए, तभी वे देश की एकता और सुरक्षा की बात कर सकते हैं।

नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर संविधान को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया और उनकी आलोचना करते हुए कहा, "आज राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर घूमते हैं। उन्होंने संविधान की



किताब पढ़ी तक नहीं है। वह बस, इसे लेकर घूमते हैं।"

उन्होंने कहा, "डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, लेकिन आज कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में निजी ठेकेदारों को निविदा देने में अल्पसंख्यकों को चार प्रतिशत आरक्षण दे रही है।" नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महायुति और एनडीए ने महाराष्ट्र में राजनीति की एक नई संस्कृति और परिभाषा गढ़ी है। नड्डा ने नवी मुंबई में रैली को संबोधित करते हुए कहा, "हम ऐसी सरकार दे रहे हैं जो लोगों के प्रति जवाबदेह है।" उन्होंने कहा, आज हमारी सरकार में जो कहा गया वह भी किया और जो नहीं कहा वह भी किया की राजनीति की रही है।"

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आर्थिक नीति के मोर्चे पर दुनिया को प्रधानमंत्री मोदी में उम्मीद की किरण नजर आ रही है। उन्होंने कहा, "10 साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 12वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, पर पीएम मोदी ने इसे 5वें पायदान पर ला दिया। आप महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनवाइए और मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।"

भाजपा नेता ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा नीत महायुति एक उगता सूरज है जो महाराष्ट्र को रोशनी देगा, जबकि महाविकास आघाडी महाराष्ट्र को अंधकार में धकेलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महायुति महाराष्ट्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है जबकि महाविकास आघाडी आपकी परेशानियों को और बढ़ाएगी।

# सरई बाजार की खुली नाली, दे रहा बीमारी का निमंत्रण
# सरई सिविल न्यायालय के बगल में नाली में दुर्गंध



**सरई।** खुली नालियों के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। इन नालियों को ऊपर से कवर करना होगा। ताकि हादसों के साथ इनमें डाले जाना वाला कचरा भी रुक सकता है। नालियां तो बना दी गईं हैं। लेकिन पानी निकासी की समस्या हो रही थी। इसके बाद गहरी चौड़ी नालियां बनाईं। लेकिन इन्हें ऊपर से खुला छोड़ दिया गया। अब इससे ना तो इनकी साफ - सफाई हो पा रही है और ना ही खतरा कम हुआ। ऐसी स्थिति में यहां रहने वाले लोगों की हालत खराब हो गई है। लोगों का घरों के बाहर बैठना दूभर हो रहा है।

सरई में कई जगह अधूरी नालियां बनी हुई हैं। कई जगह नालियां बना दीं तो ये खुली ही पड़ी हैं। ऊपर से इन्हें कवर नहीं करने के कारण यहां पर हादसों का खतरा बना रहता है। खुली नालियों में गिरने के अलावा दिनभर आसपास की पॉलीथिन भी उड़कर इनमें गिर जाती हैं। जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इसी तरह सड़कों पर जो गड्ढे हो रहे हैं। उनसे भी लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। ये समस्याएं काफी बड़ी है। लेकिन इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई जगह आज भी पानी निकासी के लिए बनाई नालियों की हालत देखते ही बनती है। यह अधूरी नालियां हैं या फिर इन्हें बना दिया गया। लेकिन ऊपर से इन्हें कवर नहीं किया गया। इसलिए नालियां खुली पड़ी हैं। खुली नालियों के कारण इनमें कचरा सड़ता जाता है। जिससे दुर्गंध की स्थिति बनती है।

**सड़क का कचरा नाली में**

खुली नाली होने के कारण सड़क का पूरा कचरा नाली में जा रहा है। यही नहीं कई लोग भी अपने घरों का कचरा इसी में डाल देते हैं। इससे इस क्षेत्र में काफी दुर्गंध हो रही है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। नहीं हो पाती साफ.- सफाई जिससे नाली चोक हो जाती है। इस तरह की समस्या सरई सिविल न्यायालय के बगल में एवं सरई यूनियन बैंक के सामने और रेलवे तिराहा होंडा एजेंसी के बगल में इस तरह से कई जगह समस्याएं हैं। जिनको सरई नगर परिषद नजर अंदाज कर रहा है।

## भैरव समिति के कार्यकर्ताओं ने सांसद को सौंपा विकास का मांग पत्र

**सिंगरौली।** जिले के सरई तहसील क्षेत्र व नगर परिषद क्षेत्र की नगरीय स्थिति बनाने के लिए और विभिन्न समस्याओं को देखते हुए मां धनौजा भैरव सेवा समिति ने सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को छ सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा है। जिसमें सबसे पहली मांग में नगर परिषद सरई में शव वाहन की मांग की है। नगर परिषद सरई में सार्वजनिक उपयोग के लिए बस स्टैंड, सब्जी मंडी, अब तक लंबित सरई बॉयपास सड़क निर्माणाधीन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने और सरई तहसील को विकासखंड का दर्जा दिलाये जाने के साथ ही वार्ड क्रमांक 14 में बारबाडोल मोहल्ले में विद्युतीकरण आज तक नहीं हुआ है। इन सभी जरूरतों को पूरा कराए जाने की मांग की है। भैरव समिति ने सांसद से सार्वजनिक मांगों को पूर्ण करने की अपील सांसद डॉ. राजेश मिश्रा से निवेदन करते हुए कहां कि भैरव समिति के नगर विकास, सामाजिक उत्थान के लिए सदैव कार्य करती आ रही है।

# व्याख्याता का रिश्वत लेते वीडियो वायरल लेकिन जिम्मेदारों ने बदल दिए मायने



**सिंगरौली।** कहते हैं तस्वीरें बोलती हैं कई गहरे राज भी खोलती हैं, जितनी बार देखेंगे उतने नए विचार आएंगे। इसी का फायदा जिम्मेदार हुनरमंद अधिकारी उठा रहे हैं। अधिकारी सच को भी झूठ साबित कर देते हैं। आज यह बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि चितरंगी जनपद क्षेत्र के एक व्याख्याता का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ। लेकिन जिम्मेदारों ने अपने मातहत कर्मचारियों को बचाने के लिए रिश्वत लेते नजर आ रहे वीडियों के मायने बदल दिए और अब पूरे मामले में पर्दा डालने के लिए बेबुनियाद तर्क दे रहे हैं। हालांकि रिश्वत दे रहा सख्स भी अब अपने आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहा है। वजह उसे नौकरी जो मिल गई।

बता दे कि चितरंगी उत्कृष्ट विद्यालय में अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए शिक्षा विभाग से जुड़े व्याख्याता बब्बू सिंह का रिश्वत लेते वीडियों वायरल हुआ तो प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया।

वायरल वीडियों में नजर आ रहे अतिथि शिक्षक उम्मीदवार पियूष बैस व्याख्याता बब्बू सिंह को रिश्वत लेते साफ नजर आ रहे हैं। वीडियों देखकर सामान्य अमन व्यक्ति भी यह आसानी से समझ सकता है कि यह पैसे कोई उधारी के नहीं, बल्कि बाकायदा रिश्वत के तौर पर लिया जा रहा है। लेकिन वीडियों वायरल होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने अब इस वीडियो को गलत तरीके से वायरल करने की बात कहने लगे हैं। चर्चा है की रिश्वत देने वाले अतिथि शिक्षक पीयूष बैस को मैनेज करने के लिए शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों ने उन्हें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौडिहवा में ज्वाइन करवा दिया। ताकि मामले को दबाया जा सके। लेकिन वायरल वीडियों देख कर परिस्थितियों का अंदाज और हाव-भाव से हर कोई अंदाजा लगा रहा है कि यह पैसे रिश्वत के हैं उधारी के नहीं। लेकिन हुनरमंद बहुत है जो सच को भी झूठा साबित कर देते हैं।

# मनीष खत्री होंगे सिंगरौली के नये पुलिस कप्तान

### एसपी निवेदिता गुप्ता का हुआ स्थानांतरण



**सिंगरौली।** म.प्र.गृह विभाग के द्वारा आज दिन सोमवार को आईपीएस और राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। जिसमें सिंगरौली पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता का स्थानांतरण करते हुये छिंदवाड़ा के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को सिंगरौली की कमान सौंपी है।

प्रशासनिक कार्य सुविधा को देखते हुए शासन वरिष्ठ ऑफिसर्स को जिम्मेदारियां देता है और उनकी पदस्थापना करता है। व्यवस्था के तौर पर गृह विभाग ने मनीष खत्री को सिंगरौली का एसपी बनाया है। वही सिंगरौली पुलिस अधीक्षक रही निवेदिता गुप्ता को सेनानी 8वीं वाहिनी विसवबल छिंदवाड़ा स्थानांतरण किया गया है। सूत्रों की माने तो सिंगरौली सदर विधायक के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधि जिले में लगातार हो रही चोरी सहित बढ़ रहे अपराधों को लेकर अंकुश नहीं लगा पाने के कारण एसपी से नाराज चल रहे थे। जिसे लेकर पिछले दिनों कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की थी। ऐसे में माना जा रहा था कि आईपीएस अधिकारियों के तबादला लिस्ट में सिंगरौली एसपी निवेदिता गुप्ता का नाम शामिल हो सकता है और ऐसा हुआ भी। आखिरकार सिंगरौली एसपी रही निवेदिता गुप्ता का स्थानांतरण हो गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता की बैठक आयोजित

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में जिला एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रमीण एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जिला पंचायत सिंगरौली के सौजन्य से हमारा शौचालय हमारा सम्मान की थीम पर 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक होने वाले आयोजन के संबंध में विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुयें कहा कि अभियान के लिए निर्धारित तिथियों के अनुसार सभी को आगे बढ़कर कार्य को मूर्तरूप देना है। इसके लिए सभी को आगे आना होगा। वही जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह के द्वारा अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि गैर क्रियाशील सीएससी की पहचान कर क्रियाशील बनाना होगा। जल परीक्षण व्यवहार परिर्वतन, शौचालय की मरम्मत, पीएचई एवं जन निगम को समस्त सामुदायिक स्वच्छता परिसरो में जहां पर नल-जल नही है वहां उपलब्ध कराना होगा। तथा जनपद स्तरीय अमले के पुराने शौचालय की मरम्मत सामुदायिक स्वच्छता परिसर के रखरखाव के संबंध में बताया गया। जिलें में ठोस एवं तरल अपष्टि प्रबंधन के लिए निर्मित कियें गये कार्यो का सत्यापन कर मॉडल घोषित किया जायेगा।

# सरौंधा पंचायत में मृतक व्यक्ति से कराई मजदूरी, कर दिया फर्जी भुगतान

### रोजगार सहायक ने मृतक को मजदूरी करने वालों की सूची में जोड़ा, शिकायत के बाद नहीं हुई कार्यवाही



**सिंगरौली।** देवसर जनपद पंचायत के संरौधा पंचायत में लगातार मनरेगा कार्यों में अनियमितता की सूचना मिल रही है। पहले बिना नाली निर्माण कार्य कराई पैसे निकालने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब दूसरा ताजा मामला मनरेगा रोजगार गारंटी योजना में भारी अनियमितता के आरोप लगे हैं। इस योजना के तहत रोजगार सहायक ने मृतक को ही मजदूरी करने वालों की सूची में जोड़ दिया जिससे मजदूरी की राशि को डकारा जा सके। गौरतलब हैं कि शिकायतकर्ता प्रवीण रजक ने आरोप लगाया है कि सरौंधा पंचायत में मड़वा नाला में राजमन के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य कराया गया था। इसके मास्टर रोल में क्रमांक 9246, 9249 में जाब कार्ड एमपी 15-005-010-004/49 में मृतक के नाम हाजिरी भरा है। वहीं मास्टररोल में मृतक शिवमंगल सिंह को जीवित बताकर उनके नाम से भी मजदूरी का भुगतान कर दिया गया। सुबोध की मृत्यु करीब 2 साल पहले हो गई थी। इसके बावजूद पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मेट व बिचौलिया ने मिलकर यह कारनामा कर दिया। हैरानी इस बात की है की शिकायत के बाद भी अभी तक जिम्मेदारों ने भ्रष्ट रोजगार सहायक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सरपंच गुजरतिया देवी एवं सचिव राममनोहर पाठक पंचायत में लाखों रुपए की गड़बड़ी की है। लेकिन अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हैं और उन्हें बचा रहे हैं।

**चहेते को लाभ पहुंचाने तालाब की मेढ़ तोड़कर बना दी पुलिया**

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सरपंच सचिन मनमानी करते हुए शासकीय पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। वह बिना कोई सार्वजनिक प्रयोजन के अपने चहेते के लिए तालाब की मेढ़ तोड़कर सड़क बनवा दी। वहीं पंचायत में विगत दो वर्षों में कार्यालय व्यय के नाम पर कुल 7 लाख 32 हजार रुपये आहरण किया गया। जहां औचित्यहीन है और शासकीय पैसों का बंदरवाट किया गया है। इस मामले की शिकायत जनपद पंचायत सहित जिला पंचायत तक की गई। लेकिन जिम्मेदारों ने कोई कार्यवाही नहीं की।

# कूड़े-कचरे से पटी नाली, जिम्मेदारों का नहीं इस ओर ध्यान

### पचखोरा वार्ड क्रमांक 30 की बोलती तस्वीर का हाले बयां, एमओएचयूए ऐप में फोटो नही होती अपलोड



**सिंगरौली।** नपानि क्षेत्रान्तर्गत पचखोरा में नालियां कचरे से भरी पड़ी हैं। इनकी हालत इतनी खस्ता है कि गंदा पानी नहीं निकल पा रहा है। महीनों से चोक नालियों से अब बदबू आने लगी है। लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहीं जिम्मेदारों का नहीं इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

गौरतलब हैं कि एक तरफ जहां सरकार सफाई अभियान को लेकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है। कुछ ऐसा ही हाल नपानि के वार्ड क्रमांक 30 पंचखोरा का है। सफाई के अभाव में बनी नालियों में कूड़ा कचरा पटा हुआ है। वार्ड की मुख्य सड़कों की जाम नालियों में कीड़ों को देख ऐसा प्रतीत होता है कि इस नपानि के जिम्मेदारों पर सरकार के आदेश का भी कोई खास असर नहीं पड़ा है। जिम्मेदार नगर की साफ-सफाई पर ध्यान न देकर सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इन जाम पड़ी नालियों पर विभिन्न प्रकार के कीटाणुओं ने अपना बसेरा बना लिया है। नालियों से उठ रही दुर्गंध से राहगीरों का सड़क पर चलना भी दूभर हो गया है। रहवासियों का कहना है कि स्वच्छता हेल्पलाइन और स्वच्छता-एमओएचयूए ऐप में न तो फोटो अपलोड हो पा रही है और नही शिकायत दर्ज हो पाती है। वही ननि के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद निगम के द्वारा साफ-सफाई नहीं की जाती है। वही आमजन बताते है कि स्वच्छता के नाम पर प्रचार-प्रसार व जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है। लेकिन सफाई के नाम पर सिर्फ कोरमपर्ति कर रहे हैं।

## एनसीएल जयंत परियोजना ने सीएसआर के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैगा बस्ती में बच्चों को बांटे स्कूल बैग्स

**सिंगरौली।** भारत सरकार कि मिनीरत्न कंपनी एनसीएल की जयंत परियोजना ने सीएसआर के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैगा बस्ती जयंत में बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग्स का वितरण किया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही सभी बच्चों से पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा भी की गयी। इस दौरान कुल 58 बच्चे लाभान्वित हुए । इस अवसर पर सीएसआर टीम जयंत परियोजना एवं स्कूल के प्राचार्य तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह: विवाह बंधन में बंधे 27 जोड़े

### विधायक, महापौर, कलेक्टर ने दिया वर-वधू को दम्पत्य जीवन में खुशहाली का आशिर्वाद



**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत इश्वर को साक्षी मानकर 27 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। जिसमें जनपद पंचायत बैढ़न क्षेत्रांतर्गत के 25 जोड़े तथा नगर परिषद बरगवां क्षेत्र के 2 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। विवाह सम्मेलन में बड़ी संख्या में जोड़ों के परिजन शामिल हुए। जिनका स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न प्रकार के व्यंजन बारातियों को परोसे गये। साथ ही उपस्थित अतिथियों के द्वारा कन्या उपहार स्वरूप 49 हजार रूपयें के चेक प्रदान कियें गयें। समारोह के दौरान सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, ननि महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, सविता सिंह जनपद अध्यक्ष, एसडीएम सृजन वर्मा, उपाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, पार्षद संतोष शाह, राममिलन भारती, जनपद सदस्य प्रेम सिंह, राम सयन बैस सहित वरिष्ट समाजसेवी सुन्दर लाल शाह अन्य उपस्थित रहे।

## सभी संकुल की शासकीय विद्यालय निर्धारित समय पर खुले: कलेक्टर

**सिंगरौली।** सभी संकुल में स्थिति शासकीय विद्यालय समय पर खुले तथा विद्यालयों में दिए जाने वाला मध्यान भोजन निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त बच्चों को उपलब्ध कराया जायें। यह दोनों विंदु मेरे सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदु उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बीईओ तथा संकुल प्राचार्यो के बैठक के दौरान दिया गया। कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा उपस्थित संकुल प्राचार्यो को निर्देश दियें कि शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाईन में कई शिकायतें अभी तक लंबित है। यह घोर लापरवाही है इसके कारण जिलें के रैंकिंग में विपरित प्रभाव पड़ रहा है। संकुल प्राचार्य तथा बीईओ अपने-अपने संकुल की सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दियें गये सभी विद्यालयों में पठन-पाठन के कार्य निर्धारित समयानुसार कराया जाना सुनिश्चित किया जायें। यदि किसी भी विद्यालया में पदस्थ शिक्षक के स्थान पर कोई दूसरा व्यक्ति पठन-पाठन का कार्य कराते हुये मिला तो संबंधित शिक्षक के साथ-साथ प्राधानाध्यपक, प्राचार्यो के विरूद्ध कठोर कार्यवही किया जायेगा। आप सब उपरोक्त बिंदुओं का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पालन कराया जाना सुनिश्चित करें। यह आपकी जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, लोकसेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित बीईओ सहित संकुल प्राचार्य गण मौजूद रहे।

# खेल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनायें : सौरभ




**सिंगरौली।** शनिवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल की निगाही परियोजना में अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

यह प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक आयोजित की गयी जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 15 मैच खेले गए। समापनके दौरान जीएम निगाही सुमन सौरभ द्वारा मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में उन्होनें विजेता टीम को बधाई दी एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए खेलकूद को महत्वपूर्ण बताया। उपस्थित सभी से खेलकूद को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आह्वान किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच निगाही एवं दुद्धिचुआ की टीमों के बीच खेला गया। इस दौरान निगाही टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ 3-0 से दुद्धिचुआ टीम को हराकर विजेता रही। प्रतिस्पर्धा के दौरान नलिन कुमार बैस निगाही मैन ऑफ द मैच, अरुण वैश्य निगाही बेस्ट अटैकर, सुजीत कुमार झिंगुरदह बेस्ट सेन्टर एवं गोपाल बिष्ट दुद्धिचुआ बेस्ट डिफेंसर के रूप में चुने गए।

## नाबालिक बालिका को सरई पुलिस ने गुजरात से किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में थाना प्रभारी सरई निरीक्षक शेषमणि पटेल के नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिक बालिका को दस्तयाब करने में मिली सफलता । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया सुषमा परिवर्तित नाम उम्र 36 वर्ष निवासी सरई प्लाट टोला थाना सरई जिला सिंगरौली का 9 नवम्बर को थाना सरई में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी गई की मेरी नाबालिक भतीजी मुझे बिना बताये घर से कही चली गई। नाते रिश्तेदारी में पता तलाश किया कही पता नही चला फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि लंबित प्रकरणों का समय पर करें निराकरण: कलेक्टर

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जायें। साथ सीएम हेल्पलाईन में 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों का विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा विभागवार समाधान एक दिवस में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ सीएम हेल्पलाईन लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दियें कि समाधान एक दिवस में चिन्हित प्रकरणों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जायें। तथा सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का भी निराकरण संतुष्टि पूवर्क करें। ताकि प्रदेश स्तर से जारी होने वाली रैकिंग में जिले को अच्छा स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दियें कि 100 दिवस से अधिक समय की लंबित सीमांकन बटनवारा के प्रकरणों का निराकरण करायें। साथ ही सभी अधिकारी सीएम हाउस या सीएम कार्यालय से प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

## संपादकीय

### पीपीएससी की परीक्षाओं में बदलाव, क्या व्यवस्था सुधरेगी?

उत्तर प्रदेश में विद्यार्थियों के आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा है तो जाहिर है कि परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित उनकी मांगें उचित थीं। हैरानी की बात है कि उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के पास इतना बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन पर सवाल उठते हैं, उसके प्रश्न-पत्र भी बार-बार लीक हो जाते हैं। नतीजतन, उसे परीक्षाएं रद्द करनी पड़ती हैं। अगर विद्यार्थी एक दिन में या एक पाली में परीक्षाएं कराने की मांग कर रहे हैं, मानकीकरण के पैमाने पर सवाल उठा रहे हैं, तो इस पर विचार करने में सरकार को इतनी देर लगाने की जरूरत क्यों पड़ी? परीक्षा के जिन पहलुओं के बारे में आयोग को पहले से पता होना चाहिए था, वे उसे आंदोलन के बाद क्यों समझ में आए? क्या आयोग को अपनी सुविधा से अधिक परीक्षा की पारदर्शिता और विद्यार्थियों के भविष्य की चिंता नहीं करनी चाहिए? फिलहाल आयोग ने विद्यार्थियों की मांगों पर सकारात्मक फैसला लेकर एक जरूरी कदम उठाया है। इतना साफ है कि आयोग ने अपना फैसला बदला है, तो विद्यार्थियों की मांगों के पीछे ठोस आधार था। हालांकि आरओ और एआरओ परीक्षा टाले जाने और इसके लिए एक समिति बनाने के निर्णय से छात्र निराश हैं। दरअसल यह तय नहीं है कि समिति इस मसले पर अपनी रपट कब देगी। इसलिए ऐसा लगता है कि विद्यार्थियों और आयोग के बीच अभी गतिरोध बना रहेगा। सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं और उनके परिणाम को लेकर अभ्यर्थियों या विद्यार्थियों से धैर्य रखने की उम्मीद करती है। मगर विद्यार्थी भी यह अपेक्षा करते हैं कि परीक्षाओं में शुचिता कायम रहे और ये बार-बार रद्द न हों या पर्चाफोड़ जैसी स्थितियां पैदा न हों। जब ऐसा नहीं होता तो उनके भीतर क्षोभ पैदा होता है। इस बार विद्यार्थी इसलिए भी नाराज थे कि परीक्षाएं दो पालियों में हो रही थीं और वे प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन कराने की मांग पर अडिग थे। उन्हें यह भी लग रहा था कि 'नार्मलाइजेशन' के फार्मूले से उन्हें काफी नुकसान होगा और बहुत कुछ आयोग के हाथ में चला जाएगा। वैसे भी यह प्रक्रिया जटिल है। इस समूचे मामले में आयोग की जो भी दलील हो, लेकिन इसकी आड़ में उसे लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए!

**डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने पूरे राज्य में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और संवर्धन को प्राथमिकता दी है। इस पहल का उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है, बल्कि आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाना भी है। महाकाल महालोक इन प्रयासों का केंद्र बिंदु है, जिसे महाकालेश्वर मंदिर के आसपास एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यह पुनर्विकास प्रबंधन को बेहतर बनाता है और इस ऐतिहासिक स्थल के आध्यात्मिक वातावरण को समृद्ध करता है। प्रदेश के अनेक धार्मिक स्थलों का उनकी परम्पराओं के अनुरूप विकास किया जा रहा है। सलकनपुर में देवी लोक को शक्ति मंदिर स्थल के रूप में विकसित किया गया है, ताकि सुगमता से देवी दर्शन के साथ ही तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुँच और सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँ।**

# पर्यटकों का स्वर्ग, भारत का आध्यात्मिक हृदय: मध्यप्रदेश

(पंकज मित्तल)

मध्यप्रदेश, जिसे 'भारत का हृदय' कहा जाता है, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत का एक समृद्ध ताना-बाना है, जिसमें कई ऐसे स्थल हैं जो तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में, राज्य सरकार इन स्थलों को बढ़ाने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जो राज्य की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान सरकार की पहली वर्षगांठ, 13 दिसंबर के अवसर पर, सरकार मौजूदा धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और मध्यप्रदेश को धार्मिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए नए आध्यात्मिक स्थलों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।



मध्यप्रदेश के विविध धार्मिक परिदृश्य में हिंदू, जैन, बौद्ध और इस्लाम सभी शामिल हैं, जो आध्यात्मिक साधकों के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य है। हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, विशेष रूप से उज्जैन में 'महाकाल महालोक' के सफल शुभारंभ के बाद। महाकाल महालोक में आगंतुकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, जो आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के उत्प्रेरक के रूप में धार्मिक पर्यटन की क्षमता को रेखांकित करता है।

डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने पूरे राज्य में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और संवर्धन को प्राथमिकता दी है। इस पहल का उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है, बल्कि आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाना भी है। महाकाल महालोक इन प्रयासों का केंद्र बिंदु है, जिसे महाकालेश्वर मंदिर के आसपास एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यह पुनर्विकास प्रबंधन को बेहतर बनाता है और इस ऐतिहासिक स्थल के आध्यात्मिक वातावरण को समृद्ध करता है।

प्रदेश के अनेक धार्मिक स्थलों का उनकी परम्पराओं के अनुरूप विकास किया जा रहा है। सलकनपुर में देवी लोक को शक्ति मंदिर स्थल के रूप में विकसित किया गया है, ताकि सुगमता से देवी दर्शन के साथ ही तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुँच और सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँ। छिंदवाड़ा में श्रीहनुमान लोक भगवान हनुमान का उत्सव मनाएगा, जिसमें भक्तों और पर्यटकों के लिए एक आकर्षक वातावरण बनाया जाएगा। ओरछा में रामराजा लोक भगवान राम का सम्मान करेगा और अध्यात्म और इतिहास दोनों में रुचि रखने वाले आगंतुकों को आकर्षित करेगा। सागर में संत रविदास लोक के पुनरुद्धार का उद्देश्य संत रविदास की विरासत का सम्मान करना है, ताकि उनके अनुयायियों और उनकी शिक्षाओं में रुचि रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।

जबलपुर में रानी दुर्गावती स्मारक और रानी अवंतीबाई स्मारक जैसे ऐतिहासिक स्थलों को भी उनके सांस्कृतिक महत्व को उजागर करते हुए बढ़ाया जा रहा है, साथ ही इतिहास और अध्यात्म दोनों में रुचि रखने वाले आगंतुकों का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, अमरकंटक में माँ नर्मदा महालोक में आगंतुकों की सुविधाओं को बढ़ाने और इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ावा देने के लिए सुधार किए जा रहे हैं। सरकार खरगोन में देवी अहिल्याबाई लोक, बड़वानी जिले में नागलवाड़ी लोक जैसे नए आध्यात्मिक स्थलों को विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें शांत वातावरण बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

ग्वालियर में जाम सावंली हनुमान लोक में भगवान हनुमान की शक्ति और भक्ति का पर्व मनाया जाएगा, वहीं जानापाव जिसे भगवान परशुराम की जन्म स्थली के रूप में जाना जाता है, वहां परशुराम लोक विकसित किया जाएगा, जिसमें भगवान परशुराम को समर्पित एक नया मंदिर बनाया जाएगा, जहां आगंतुकों के लिए विभिन्न सुविधाएँ भी होंगी। इस परियोजना में नर्मदा जल को लाना और आसान पहुँच के लिए रोपवे का निर्माण करना भी शामिल है। दतिया में मां पीतांबरा लोक, देवी पीतांबरा को समर्पित एक और महत्वपूर्ण स्थल है। रतनगढ़ में माता मंदिर लोक देवी दुर्गा को समर्पित एक प्रतिष्ठित मंदिर के साथ एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल भी बन जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन की संभावनाओं को पहचानते हुए, मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड विदेशों से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वैश्विक बाजारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। स्थानीय जनजातियों के लिए सब्सिडी के साथ ग्रामीण होम-स्टे को बढ़ावा देने जैसी पहल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अच्छे आवास का अनुभव भी प्रदान करती है।

मध्यप्रदेश द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में किए गये ये नवाचार जैसे-जैसे समय के साथ आगे बढ़ते हैं, वे न केवल पर्यटन में वृद्धि के माध्यम से आर्थिक विकास का वादा करते हैं, बल्कि भारत की विविध धार्मिक परंपराओं के बीच शांति की तलाश करने वाले आगंतुकों के लिए एक समृद्ध आध्यात्मिक अनुभव भी प्रदान करते हैं। इसमें सरकार की प्रतिबद्धता इस समझ को रेखांकित करती है कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने से मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक संरक्षण और सामुदायिक विकास दोनों में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

मध्यप्रदेश सरकार 'वृंदावन ग्राम योजना' भी प्रारंभ करने जा रही है, जिसके अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों को ग्रामीण विकास में बढ़ावा देने वाले आदर्श गांवों में बदला जायेगा है। प्रत्येक चयनित गांव में स्थानीय डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देते हुए गायों की सुरक्षा के लिए गौशालाएँ बनाई जाएँगी। शहरी मध्यप्रदेश के आध्यात्मिक परिदृश्य को और समृद्ध बनाने के लिए, सभी शहरी निकायों में गीता भवन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। ये केंद्र भगवदगीता और अन्य शास्त्रों की शिक्षाओं को फैलाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, साथ ही आध्यात्मिक शिक्षाओं से संबंधित साहित्य तक पहुँच प्रदान करेंगे। लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं में सरकार का लगभग 2,200 करोड़ का निवेश होगा, जो मध्यप्रदेश की धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# असली दुनिया से दूर ले जा रहे स्मार्टफोन

(मुकुल श्रीवास्तव)

तकनीक ने पिछले कुछ बरसों में हमारे जीवन को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप जैसी डिजिटल डिवाइस आज हर व्यक्ति की जीवनशैली का हिस्सा हैं। इनके बढ़ते प्रभाव ने हमारी आदतों, सोच और मानसिक क्षमता पर गहरा असर डाला है। कभी खाली समय में किताबें पढ़ना, पत्र लिखना शौक हुआ करते थे, लेकिन अब वह समय बिंज वॉचिंग, रील स्क्रॉलिंग और विडियो देखने में गुजरता है। बहुत से लोगों के लिए पढ़ना पुराने जमाने की बात हो गई है। यह बदलाव कहीं न कहीं मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है।



## आदत से मजबूर

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2010 में लोग औसतन 2 घंटे फोन पर बिताते थे, 2024 में यह समय बढ़कर 4.9 घंटे हो गया है। भारत में एक स्मार्टफोन यूजर दिन में औसतन 80 बार अपना फोन चेक करता है। ज्यादातर बार वह बिना जरूरत के, सिर्फ आदतन अपना फोन देखता है। इनमें से कई बार सुबह उठने के 15 मिनट के भीतर फोन देखना भी शामिल है। यह आंकड़ा दिखाता है कि हम अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा डिजिटल स्क्रीन के सामने बिता रहे हैं और उसका भी अधिकांश हिस्सा विजुअल कंटेंट के नाम कुर्बान हो रहा है।

## ध्यान में कमी

स्मार्टफोन और विजुअल कंटेंट के बेतहाशा इस्तेमाल से हमारी किसी चीज पर ध्यान देने और समझने की क्षमता कम होती जा रही है। माइक्रोसॉफ्ट की एक स्टडी बताती है कि डिजिटल लाइफस्टाइल की वजह से इंसानों की ध्यान अवधि एक गोल्डफिश से भी कम हो गई है! असल में, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म जैसे यूट्यूब और इंस्टाग्राम को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि हमारा दिमाग छोटे और संक्षिप्त कंटेंट को एक बार में ही झट से पकड़ने के लिए तैयार हो जाए। ये प्लैटफॉर्म हमें इन कंटेंट की इतनी आदत डाल देते हैं कि शब्दों से भरी किताबें, क्लासरूम और लंबे लेक्चर उबाऊ लगने लगते हैं। फिर हमारा दिमाग उन्हें पहले की तरह अच्छे से प्रॉसेस नहीं कर पाता। इन शॉर्ट विडियो प्लैटफॉर्म पर जब हमें कुछ अच्छा नहीं लगता तो हमारे पास अनगिनत स्क्रॉल का विकल्प होता है, लेकिन असल जिंदगी में ऐसा कुछ नहीं होता।

## पढ़ना मुश्किल हुआ

प्यू रिसर्च सेंटर का एक सर्वे बताता है कि सोशल मीडिया के लगातार इस्तेमाल से स्टूडेंट्स को कई बार पढ़ाई पर फोकस और काम पर ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल महसूस होती है। सर्वे में 31 प्रतिशत किशोरों ने माना कि वे क्लास में अपना ध्यान खो बैठते हैं और 49 प्रतिशत का कहना था कि उन्हें ज्यादा देर लेक्चर सुनना उबाऊ लगता है। रिपोर्ट में एक खास बात पर जोर दिया गया है कि अब किताबें पढ़ना पहले जितना आसान नहीं रह गया है। जानकारी याद रखना एक चुनौती की तरह हो गया है, जिससे लोगों में झुंझलाहट बढ़ गई है।

## किताबों की बिक्री घटी

लोग पारंपरिक मीडिया जैसे अखबार, मैगजीन और टीवी से मिलने वाली खबरों के प्रति रुचि खोते जा रहे हैं। उनका रुझान डिजिटल मीडिया की ओर बढ़ रहा है। रॉयटर्स की 2023 डिजिटल रिपोर्ट के एक सर्वे के अनुसार, 71 प्रतिशत भारतीय ऑनलाइन समाचार देखना पसंद करते हैं। केवल 29 प्रतिशत का रुझान अखबार पढ़ने में है। वहीं, इंडियन रीडरशिप सर्वे का अनुमान है कि 2026 तक ऑनलाइन न्यूज की पहुंच 70 करोड़ भारतीयों तक हो जाएगी। खबरों के अलावा युवा पाठक अब ई-बुक्स और ऑडियो बुक्स को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। साल 2023 में 2022 के मुकाबले प्रिंट किताबों की बिक्री में 2.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

## शिक्षा पर असर

लेख और किताबों की जगह विडियो लेक्चर्स ने ले ली है। ऑनलाइन लर्निंग प्लैटफॉर्म पर स्टूडेंट्स बढ़ते जा रहे हैं। दरअसल, विजुअल और ऑडियो माध्यम से जानकारी को समझना और सीखना आसान हो जाता है। लेकिन, अगर छात्र किताबों को छोड़कर सिर्फ विडियो लेक्चर्स पर निर्भर हो जाएंगे, तो इससे उनकी समझ पर असर पड़ सकता है। किताबें विश्लेषण करने की क्षमता, एकाग्रता और गहरी सोच का निर्माण करती हैं। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5556



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारतीय जनसंघ के संस्थापक जो प्रमुख शिक्षाविद चिंतक थे (निधन 23 जनू 1953)(8)
6. प्रसिद्ध द्वादश-ज्योतिर्लिंगों में एक मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
7. धीरे-धीरे अपने स्थान से हटना, खिसकना, रेंगना (4)
11. दिनपति, भास्कर, सूर्य, दिनकर (2)
12. बिना पकी भोजन सामग्री (3)
13. सहयोग, मदद (4)
15. शोभा, कांति, छवि (2)
17. पुत्र सहित (3)
19. आमोद-प्रमोद के लिए बनाई गई संस्था (2)
21. दही या छाछ में साग या अन्य खाद्य पदार्थों के छोटे पदार्थों के बारीक टुकड़े मिलाकर बनाया गया खाद्य पदार्थ (3)
23. आराम, सुख, चैन, करार (3)

**ऊपर से नीचे**

1. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के बेटे थे जो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके थे (7)
2. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन (2)
3. विदेश जाकर रहना, परदेश जाना (3)
4. दरवाजा खटखटाने से होने वाली आवाज (3)
5. अपराध, कसूर, भूल (2)
8. अठारह पुराणों मे से एक जिसमें सनकादिक ने नारद को संबोधित करके कथा कही है (6)
10. तमगा, मैडल (3)
14. मध्यप्रदेश के अलिराजपुर जिले के तहसील जहां चंद्रशेखर आजाद की जन्म स्थली है (3)
18. तीन, तीसरा (2)
20. आहुति के रूप में दिया हुआ, पूर्व समर्पण किय हुआ (2)
22. राजा का मुकुट, छज्जा (2)

**वर्ग पहेली 5555 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वी | ह | न | | छा | या | | |
| प | ल | क | झ | प | क | ते | |
| | | ब | ल | | | ह | स्त |
| | रा | ज | ना | | फ | रा | र |
| क | मा | नी | | सी | त | न | |
| र | ज | | अ | | ह | | ह |
| | प्रे | र | क | | ना | म | क |
| र | मी | | रा | | मा | म | ला |

# पक्षियों का जीपीएस




(दिलीप लाल)

हमारे लिए अब कोई भी पता तलाशना बहुत आसान हो गया है। मोबाइल पर मैप लगाओ और काम खत्म। लेकिन, हजारों किलोमीटर की दूरी तय करने वाले पक्षी यह कैसे करते हैं? यह बात हम बहुत पहले से जानते हैं कि प्रवासी पक्षी अपनी दिशा तय करने के लिए सूर्य, तारों और पृथ्वी के मैग्नेटिक फील्ड के संकेतों पर निर्भर करते हैं। लेकिन, यह अब तक पता नहीं चल सका है कि पक्षी अपनी वर्तमान लोकेशन कैसे पहचानते हैं।

इसे लेकर हाल में ऑस्ट्रिया में रीड वॉरवेलर्स पक्षियों पर एक प्रयोग किया गया। रिसर्चर्स ने प्रवास के लिए यूरोप से अफ्रीका जा रहे 21 पक्षियों को पकड़ा और उन्हें एक खास पिंजरे में रखकर उनके आसपास चुंबकीय क्षेत्र में बदलाव किया। पक्षियों को यह महसूस कराया गया कि वे रूस में हैं। पक्षियों ने तुरंत अपनी उड़ान की दिशा बदलकर अपने सही मार्ग पर लौटने की कोशिश की। जाहिर है, पक्षियों को यह नहीं पता होगा कि वे रूस नाम के देश में हैं, हां उन्हें यह अहसास जरूर हुआ कि वे अपने तय रास्ते से भटक चुके हैं और उसी हिसाब से उन्होंने दिशा बदली। इससे यह पता चलता है कि ये पक्षी चुंबकीय झुकाव और चुंबकीय विक्षेपण जैसी जानकारी का उपयोग अपनी स्थिति समझने और सही दिशा तय करने के लिए करते हैं। वे मैग्नेटिक फील्ड का इस्तेमाल बिल्कुल जीपीएस की तरह करते हैं। हालांकि, पक्षियों में इस प्रक्रिया के पीछे के न्यूरोलॉजिकल तंत्र को वैज्ञानिक अभी पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज हर काम में सफलता मिलेगी। भाग्य आपका साथ देगा और आपकी आर्थिक परेशानियां दूर होंगी। आपको काफी लंबे संघर्ष के बाद आज आपको राहत मिलेगी। छोटे-मोटे काम से फायदा होगा। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है। कोशिश करते रहें तो आपको भाग्य साथ देगा।

**वृष**

आज दिन लाभ से भरा होगा। आपका मन अच्छे कार्य में लगेगा और आपकी तरक्की होगी। पैसों में बढ़ोतरी होगी और काम सफल होंगे। जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करेंगे तो आपको लाभ होगा। टिकाऊ चीजें खरीदें। मेहमान आ सकते हैं और आपका खर्च काफी बढ़ सकता है।

**तुला**

आज दिन लाभदायक रहेगा। लेकिन आप बेवजह परेशान रहेंगे। कुछ परेशानियां आपकी अपनी वजह से हो सकती हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी पैदा कर सकते हैं। आपको इस मामले में थोड़ा समझने की जरूरत है। आप अपनी बुद्धिमानी से उन्हें हरा सकते हैं।

**वृश्चिक**

आज भाग्य साथ देगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। तनाव को हावी न होने दें। आपकी नई योजनाएं सफल होंगी। बिजनस में लाभ होगा। पुराने झगड़े खत्म होंगे। अधिकारियों से संबंध बेहतर होंगे। नकारात्मक विचारों को मन में न आने दें। समय आपके अनुकूल है। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन**

आज लाभ होगा। समय आपके लिए अनुकूल है। आपकी तरक्की देखकर लोग हैरान होंगे। आप खुद भी अपनी उपलब्धियों से हैरान होंगे। प्रगति बनाए रखने से फायदा होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है।

**कर्क**

आज दिन भागदौड़ से भरा रहेगा और आपकी मेहनत सफल होगी। करियर में विशेष लाभ होगा। किसी कारण से आपको उलझन और चिंता परेशान कर सकती है। अगर सबकी सहमति हो तो जगह बदलने का विचार करें। फायदा होगा और काम पूरे होंगे।

**धनु**

आज दिन सफलता भरा रहेगा। नए संपर्क से लाभ होगा। जो लोग रिसर्च और विज्ञान से जुड़े हैं, वे नई योजनाएं बनाएंगे। रुका हुआ धन मुश्किल से मिलेगा। रोजमर्रा के कामों में लापरवाही न करें। व्यावसायिक तरक्की से आत्मविश्वास बढ़ेगा। हर काम में सफलता मिलेगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

**मकर**

आज दिन सम्मान और लाभ से भरा होगा। जो लोग ट्रेडिंग या शेयर बाजार से जुड़े हैं उनको लाभ होगा और आपको शुभ समाचार मिलते रहेंगे। दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा। व्यर्थ के झंझटों से बचें। अपने काम को समय दें। धार्मिक यात्रा हो सकती है।

**सिंह**

आज दिन चिंता और परेशानी वाला रहेगा। बिजनस में बिक्री न होने से चिंता होगी और आपको काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। पिछले काफी समय से व्यवसाय ठीक नहीं चल रहा है। अस्थिरता बनी हुई है। नौकरी या बिजनस में सुधार के लिए आलस्य छोड़ना होगा।

**कन्या**

आज दिन व्यस्त रहेगा। रोजाना से ज्यादा काम करना पड़ सकता है। भागदौड़ करनी पड़ेगी। तब जाकर सफलता मिलेगी। अपने काम को उत्साह से पूरा करें। कुछ समय बाद बेहतर अवसर मिलेंगे। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**कुंभ**

आज दिन लाभदायक रहेगा। अधिकारियों की निकटता से आपके काम बनेंगे। करियर में आगे बढ़ेंगे। आयात-निर्यात का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। आपका मन आध्यात्म के कार्य में लगेगा। मन प्रसन्न रहेगा। समय का सदुपयोग करें। आपकी किस्मत चमकेगी।

**मीन**

आज दिन बेहद शुभ रहने वाला है। मीन राशि वालों को कल महादेव की कृपा से पर्याप्त मात्रा में धन की प्राप्ति होगी और पैसों की बचत कर पाने में सक्षम भी होंगे। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम की चर्चा हो सकती है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जब रैली को संबोधित करते समय रो पड़ीं शिवसेना नेता संजना जाधव



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सियासी बिछात काफी दिलचस्प है। यहां कई सीटों पर करीबी रिश्तेदार आमने-सामने हैं। ऐसी एक सीट है कन्नड़ विधानसभा सीट। यहां पर निर्दलीय उम्मीदवार हर्षवर्धन जाधव अपनी अलग रह रही पत्नी और शिवसेना उम्मीदवार संजना जाधव के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। संजना, भाजपा के वरिष्ठ नेता रावसाहेब दानवे की बेटी हैं। रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान वह इमोशनल हो गईं और रो पड़ीं। उन्होंने अपने पति हर्षवर्धन जाधव के ऊपर कई गंभीर आरोप भी लगाए और कहाकि मेरी जगह किसी और लाया गया। इस मौके पर संजना जाधव ने यह भी कहाकि रावसाहेब दानवे सिर्फ इसलिए चुप रहे क्योंकि वह एक बेटी के पिता हैं। संजना जाधव ने कहाकि हर्षवर्धन जाधव से शादी करने के बाद मुझे बहुत दुख हुआ। मैंने शादी कर ली और एक महीने के भीतर घर आ गई। जब मैंने अपने पिता को इसके बारे में बताया तब उन्होंने कहाकि एक बच्चा होने दो, फिर यह आदमी सुधर जाएगा। एक बच्चा होने के बाद, मेरे पिता ने कहाकि जब आप 40 साल के हो जाते हैं, तो सुधार आ जाता है। अब मैं अपने 40 के दशक में हूं। इस दौरान मैंने बहुत कुछ सहन किया है। संजना ने आगे कहाकि आपको पता है मेरी जगह किसे लाया गया। यह कहकर वह फूट-फूटकर रोने लगीं। उन्होंने कहाकि मेरे पिता पर आरोप लगाया गया। लेकिन सच यह है कि उन्होंने बहुत कुछ बर्दाश्त किया है, क्योंकि वह एक बेटी के पिता है। अगर वह एक बेटे के पिता होते तो सड़कों पर उतर आते। लेकिन लड़के का पिता होने के नाते वह चुपचाप बैठे रहे। इसलिए उसने कुछ नहीं कहा। संजना ने कहाकि मैं पहले कभी नहीं रोई। मैंने कभी किसी चीज के बारे में बात नहीं की। शहर में हर कोई जानता है कि मैंने क्या किया और क्या नहीं किया। उनके भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### सीजेआई संजीव खन्ना ने बदल दी परंपरा- बुधवार और गुरुवार को नियमित सुनवाई वाले मामले सूचीबद्ध नहीं होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालते ही जस्टिस संजीव खन्ना लगातार नियमों में बदलाव कर रहे हैं। ताजा बदलाव मामलों की सुनवाई से जुड़ा है। खबर है कि अब सुप्रीम कोर्ट में बुधवार और गुरुवार को नियमित सुनवाई वाले मामलों को सूचिबद्ध नहीं किया जाएगा। 10 नवंबर को ही जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सीजेआई पद से रिटायर हुए हैं। उच्चतम न्यायालय में मामलों की सुनवाई के संबंध में शनिवार को एक नया परिपत्र जारी किया गया। परिपत्र के अनुसार, बुधवार और गुरुवार को नियमित सुनवाई वाले मामले सूचीबद्ध नहीं होंगे। परिपत्र में कहा गया, 'अब से नोटिस के बाद मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को स्थानांतरण याचिकाओं और जमानत मामलों सहित विविध मामलों को सूचीबद्ध किया जाएगा और अगले आदेश तक बुधवार और गुरुवार को कोई नियमित सुनवाई का मामला सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा।' परिपत्र में कहा गया, 'विशेष पीठ या आंशिक सुनवाई वाले मामले, चाहे विविध या नियमित सुनवाई हो, जिन्हें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है, उन्हें भोजनावकाश के बाद के सत्र में या सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार सूचीबद्ध किया जाएगा।' मौजूदा परंपरा के अनुसार, नए मामलों को सोमवार और शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाता है, जब विविध मामलों पर सुनवाई होती है। मंगलवार और गुरुवार को नियमित सुनवाई के उन मामलों को सूचीबद्ध किया जाता है, जहां अंतिम सुनवाई होती है। सीजेआई खन्ना ने हाल ही में 16 पीठों को नए मामलों के आवंटन के लिए एक नया रोस्टर जारी किया है, साथ ही यह निर्णय लिया गया है कि प्रधान न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली पहली तीन अदालतें क्रमशः पत्र याचिकाओं और जनहित याचिकाओं की सुनवाई करेंगी।

### हाथ में मशाल और साइकिल रैली; कोलकाता कांड के 100 दिन, ट्रेनी डॉक्टर को न्याय दिलाने की जंग जारी

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में न्याय की मांग जारी है। इसे लेकर रविवार को 100 साइकिल सवारों ने श्यामबाजार इलाके से अस्पताल तक 10 किलोमीटर की रैली निकाली। ट्रेनी डॉक्टर के साथ यह घटना अगस्त में हुई थी। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के 'अभय मंच' और नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों की ओर से यह साइकिल रैली निकाली गई, जो सोदेपुर ट्रैफिक मोड़ से शुरू हुई। साइकिल रैली जहां से शुरू हुई वह स्थान मृतक ट्रेनी डॉक्टर के उत्तर 24 परगना जिले में घर से ज्यादा दूर नहीं है। साइकिल सवारों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से लगभग 200 मीटर दूर श्यामबाजार क्रॉसिंग तक पहुंचने के लिए बेलघिया, रथतला, डनलप और सिंथिर मोड़ जैसे विभिन्न स्थानों को पार किया। मृतक की मां ने साइकिल सवारों में से एक को प्रतीकात्मक मशाल सौंपी और उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतका का नाम अभया (निडर और अपराजित) रखा है।

# अडानी के खिलाफ होगा पहला ऐक्शन, उद्धव ठाकरे बोले- जो दिया है सब वापस लेंगे



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कारोबारी गौतम अडानी को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से अडानी के समर्थन में लिए गए सभी फैसलों को वापस लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर बालासाहब ठाकरे के नाम पर वोट मांगने के भी आरोप लगाए हैं। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होना है। वहीं, 23 नवंबर को मतगणना होगी। रविवार को उन्होंने आरोप लगाए हैं कि महायुति यानी भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मिलकर अडानी की सुल्तानी लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि मुंबई में अडानी समूह को जो भी दिया है वह पहली कैबिनेट मीटिंग में वापस ले लिए जाएंगे। ठाकरे ने कहा कि सत्ता में आने पर महा विकास आघाडी विश्व आर्थिक मंच और एमएमआरडीए के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को रद्द कर देगा, क्योंकि इसका उद्देश्य बीएमसी के महत्व को कम करना है। मुंबई के बीकेसी मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि अगर एमएमआरडीए (मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण) बीएमसी के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करता है तो वह एमएमआरडीए को भंग करने में संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश महज चर्चा नहीं है, बल्कि एक गंभीर संकट है। यह साजिश वास्तविक है, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे।' ठाकरे ने कहा कि अगर 23 नवंबर को महायुति जीत गई, तो गुजरात में पटाखे फोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा, एमवीए की पहली कैबिनेट मीटिंग में, अडानी को दी गई सभी चीजें वापस ली जाएंगी। धाराविकरों को उनके घरों और उद्योगों के साथ दोबारा धारावी में बसाया जाएगा। उन्होंने कहा, यह सरकार मुंबई की जीडीपी बढ़ाना चाहती है। नीति आयोग के पास सुझाव भी हैं। मुंबई को यूटी में नहीं बदलने दे सकते। बीएमसी चुनाव तक नहीं हुए हैं...। इस सरकार के दोस्त मुंबई को लूट रहे हैं। ठाकरे ने कहा कि एमएमआरडीए और डब्ल्यूईएफ ने एमएमआर को वैश्विक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सितंबर में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि एमएमआर विकास पर नीति आयोग की रिपोर्ट के बाद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। ठाकरे ने कहा कि एमवीए-नीत सरकार का पहला फैसला महायुति सरकार की नीतियों को खत्म करना होगा, जिसने मुंबई की जमीन अडाणी समूह को सौंप दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 'विकास-विरोधी नहीं बल्कि विनाश-विरोधी हैं।' ठाकरे ने दावा किया कि उनके नेतृत्व वाली एमवीए सरकार (जून 2022 में) गिरा दी गई और शिवसेना विभाजित हो गई, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र को लूटने की अनुमति नहीं दी थी। ठाकरे ने कहा कि भाजपा को गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा बनानी पड़ी, जिन्होंने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था और महाराष्ट्र में बालासाहेब ठाकरे के नाम पर वोट मांगना पड़ा, जिसे उन्होंने 'समय का बदला' बताया। 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए ठाकरे ने कहा कि अगर मोदी के रहते लोग असुरक्षित महसूस करते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, 'मोदी के रहते केवल भ्रष्ट और देशद्रोही ही सुरक्षित महसूस करते हैं।' ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र गंभीर संकट का सामना कर रहा है क्योंकि 'हवाई अड्डे, बंदरगाह, बिजली, खदानें और स्कूल अडानी को सौंपे जा रहे हैं।' ठाकरे ने अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए शिवसेना के समर्थन और उत्पीड़न से भागे कश्मीरी पंडितों को बाल ठाकरे द्वारा शरण दिए जाने को याद किया। उन्होंने कहा, 'उस समय अमित शाह और नरेन्द्र मोदी को दुनिया नहीं जानती थी।

**शरद पवार की पत्नी को बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क के परिसर में जाने से रोका : बारामती, एजेंसी।** राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार की पत्नी प्रतिभा पवार को रविवार को पुणे जिले के बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क के परिसर में प्रवेश करने से कथित तौर पर आधे घंटे तक रोका गया। बारामती से सांसद सुप्रिया सुले के कार्यालय ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क की अध्यक्ष हैं। सुप्रिया के कार्यालय की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में प्रतिभा पवार और सुप्रिया की बेटी रेवती सुले की महिला सहायक पार्क के एक सुरक्षा गार्ड से गेट खोलने के लिए कहते हुए दिखाई दे रही हैं। प्रतिभा और रेवती पार्क में कुछ खरीदारी करने के लिए पहुंची थीं। गार्ड ने उन्हें बताया कि उसे अनिल वाघ नाम के व्यक्ति ने गेट न खोलने का निर्देश दिया है।

## कैग ने भी माना, बीजेपी ने कर्ज में डूबो दिया प्रदेश, आज 4.50 लाख करोड़ का कर्जा : हुड्डा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** एक के बाद एक ताबड़तोड़ घोटालों को अंजाम देने में जुटी बीजेपी ने स्वास्थ्य सेवाओं में भी जमकर घोटाले किए हैं। ना सिर्फ सरकार ने जनता का करोड़ों रुपया लूटा है, बल्कि लोगों की जिंदगी से भी खिलवाड़ किया है। कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की ताजा रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट ने बीजेपी के घोटालों को पूरी तरह उजागर कर दिया है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं और डॉक्टर मुहैया करवाने की बजाय सरकार करोड़ों रुपए के घोटालों को अंजाम देने में लगी हुई है। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि कई मात्र 42 से 209 किलोमीटर का सफर कई एंबुलेंस ने 1,05,000 से लेकर 5 लाख रुपए में तय किया। यानी लगभग 2500 रुपये प्रति किलोमीटर में एंबुलेंस ने अपनी सेवाएं दीं। इतना ही नहीं एंबुलेंस के मरीजों तक पहुंचने के समय में भी जमकर झोल किया गया है। सीएजी रिपोर्ट में कहा है कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए सरकार ने ब्लैक लिस्टेड कंपनियों से भी दवाइयां और उपकरण खरीदे। इतना ही नहीं, सरकार ने ऐसी 15 एंजेसियों को 5.67 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया है, जिनकी दवाएं कई बार घटिया साबित हो चुकी हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने प्रदेश के शिक्षा व स्वास्थ्य तंत्र को पूरी तरह नजर अंदाज किया है। यही वजह है कि आज प्रदेश में लगभग 30त्न डॉक्टरों और 42 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों के पद खाली पड़े हुए हैं। हुड्डा ने कहा कि इस बार खुद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने भी कांग्रेस के आरोपों पर अपनी मुहर लगा दी है। क्योंकि कांग्रेस ने बार-बार हरियाणा की जनता को बताया कि भाजपा ने प्रदेश को साढे चार लाख करोड रुपए के कर्ज तले दबा दिया है। लेकिन सत्ता में बैठे लोग इससे इनकार करते रहे। अब खुद कैग की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मार्च 2023 तक प्रदेश पर चार लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका था। उसके बाद भी इस सरकार ने कर्ज लेना जारी रखा।



## श्रीनगर तक चलेगी वंदे भारत, जनवरी, 2025 में दिल्ली से श्रीनगर वंदे भारत की हो सकती है शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में वंदे भारत ट्रेनों को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। कम समय में गंतव्य तक पहुंचाने वाली वंदे भारत में शानदार सुविधाएं दी जाती हैं। अब नए साल पर श्रीनगर की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। जनवरी, 2025 में दिल्ली से श्रीनगर वंदे भारत की शुरुआत हो सकती है। यह सफर पूरी रात का होगा और सुबह लोग श्रीनगर पहुंच जाएंगे।

विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नई दिल्ली-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत अगले साल जनवरी में हो सकती है। यह ट्रेन दिल्ली से श्रीनगर के बीच 800 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय करेगी। यह यात्रा महज 13 घंटे में ही पूरी होगी। इस दौरान घाटी के कई खूबसूरत जगहों को यात्री देख सकेंगे। यह ट्रेन नई दिल्ली से शाम सात बजे चलेगी और फिर पूरी रात सफर करते हुए सुबह आठ बजे श्रीनगर पहुंच जाएगी। इस दौरान अंबाला, लुधियाना, जम्मू, कटरा जैसे स्टेशनों पर ट्रेन रुक सकती है। इस दौरान, यह चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज से भी गुजरेगी। इस ब्रिज की ऊंचाई लगभग 359 मीटर है, जोकि पेरिस के ऐफिल टावर से भी ऊंचा है। यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। माना जा रहा है कि यह ट्रेन चेयर कार नहीं होकर, बल्कि जल्द लॉन्च होने वाली वंदे भारत स्लीपर होगी।

# 15 दिन में जमकर काम कर लिया तो मथ जाएगी पूरी दिल्ली : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही गहमागहमी तेज हो गई है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और विपक्षी दलों भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस ने जोरशोर से प्रचार भी शुरू कर दिया है। इस बीच आप के राष्ट्रीय संयोजक ने अपने नेताओं को अहम टास्क देते हुए कहा है कि यदि 15 दिनों में इसे पूरा कर लिया गया तो फिर जीत तय है। केजरीवाल ने 65 हजार बैठकों का फॉर्मूला तैयार किया है। उन्होंने अपने नेताओं को पूरी दिल्ली को मथ देने का तरीका बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कमी निकालने वालों से बहस नहीं करने की नसीहत दी है। 15 दिन में 65 हजार मीटिंग रविवार शाम मंडल अध्यक्षों के साथ आयोजित बैठक में अरविंद केजरीवाल ने कहा, 5 बूथ हैं एक मंडल अध्यक्ष के पास। एक बूथ पर 200 से 250 परिवार हैं। हर 50 परिवार पर एक सभा करनी है। लगभग 4-5 मीटिंग हो गई एक बूथ पर। वो इतनी गहन करनी है कि उन 50 परिवार को अच्छे से टच कर लें। एक दिन घर-घर जाकर उन्हें इनवाइट करना है। अगले दिन उनको आसपास किसी गली में बुलाना है। उनके साथ मीटिंग करनी है। 50 को बुलाओगे तो 20-25 परिवार तो आ ही जाएंगे। एक राउंड फिर सबके घर जाना है एक बूथ पर 5 मीटिंग करनी है। 5 बूथ है तो 25 मीटिंग करनी है। 15 दिन में 25 मीटिंग करनी है। एक दिन में एक या दो मीटिंग करनी है। केजरीवाल ने कहा कि 15 दिन में जमकर काम कर लिया तो मथ जाएगी पूरी दिल्ली। ऐसा हो जाएगा जिसा धुआंधार प्रचार आज तक किसी ने देखा ही नहीं होगा। 13 हजार बूथ हैं, एक पर पांच मीटिंग कर लोगे तो 65 हजार मीटिंग। यदि 15 दिन में आपने 65 हजार मीटिंग कर ली तो कोई हरा सकता है आपको? भगवान भी खुश हो जाएंगे, यार मेहनत कर रहे हैं, कर्म कर रहे हैं ये लोग, इनको फल तो मिलना चाहिए। बहस नहीं करनी है, एक मौका और मांगना है

केजरीवाल ने कहा है कि सभाओं के दौरान यदि कोई कमी निकाले तो उससे बहस नहीं करनी है, बल्कि एक और मौका मांगते हुए कहना है कि अब इसे ठीक कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, किसी से बहस नहीं करनी है, दिल जीतना है उसका। कई बार बहस तो जीत जाते हो आप, दिल हार जाते। आप बहस हार जाओ दिल जीत लो। वह आपको कुछ कह रहा है, कहिए कि हां यार बात तो तू ठीक कर रहा है। इतना कहते ही वह आपका दीवाना हो जाएगा। वह आपकी कोई कमी निकाले, वह कहे कि केजरीवाल तुम्हारा ऐसा, बोलो हां यार तू ठीक कह रहा है, हम ठीक करेंगे इसको। एक मौका और चाहिए। कई काम किए हैं, कई काम रह भी गए। सारे काम थोड़े ना पूरे होते हैं। सबका दिल जीतना है, बहस नहीं करनी, लड़ाई नहीं करनी अपने को। तीन महीने की ले लो काम से छुट्टी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यदि संभव हो तो मंडल अध्यक्ष और अन्य नेता तीन महीने की अपने काम से छुट्टी ले लें। केजरीवाल ने कहा, पार्टी को समय देना पड़ेगा। कई लोग हैं जो फुल टाइम हैं, कई फुल टाइम नहीं हैं। अगर हो सके तो तीन महीने की छुट्टी ले लो। जो-जो छुट्टी ले सकता है ले लो।




# दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर, घने कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सोमवार को वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई और सुबह सात बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 481 तक पहुंच गया, जिसे बेहद गंभीर श्रेणी में रखा गया है। दिल्ली के इंडिया गेट से लेकर कर्तव्य पथ तक इसका असर साफतौर पर देखने को मिल रहा है। इस खतरनाक स्तर का स्वास्थ्य पर चिंताजनक प्रभाव पड़ता है। आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के विभिन्न स्तर दर्ज किए गए, नोएडा की हवा 384 एक्यूआई के साथ बहुत खराब श्रेणी में थी, फरीदाबाद में 320 एक्यूआई को खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। जबकि गाजियाबाद और गुरुग्राम को क्रमशः 400 और 446 के एक्यूआई के साथ गंभीर स्थितियों का सामना करना पड़ा। भारतीय मौसम विभाग ने घने कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कोहरे ने दृश्यता को काफी कम करके स्थिति को और भी खराब कर दिया है। कोहरे और जहरीली हवा के संयोजन ने उड़ान संचालन को बाधित कर दिया है, जिससे बड़े पैमाने पर देरी हो रही है।



प्रदूषण पर अंकुश लगाने के कड़े उपायों के बावजूद दिल्ली धुंध में डूबी हुई है। स्थानीय लोग शहर को ÷गैस चैंबर÷ के रूप में बता रहे है। स्थिति बद से बदतर हो गई है और नागरिकों को जहरीली हवा में सांस लेने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ठंडी हवा के आने से स्वास्थ्य संकट बढ़ गया है। पश्चिमी दिल्ली में सुबह की सैर करने वाले लोगों ने अपनी चिंताएं साझा करते हुए कहा, ÷यह कोहरा नहीं, प्रदूषण है। सांस लेना मुश्किल हो गया है, खासकर 50 साल से ऊपर के लोगों के लिए।÷ इससे पहले रविवार को, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बिगड़ती हवा के बीच सोमवार से दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण-ढ्ढङ्क के तहत सभी कार्रवाइयां शुरू कर दी हैं। यह निर्णय जीआरएपी के संचालन के लिए गठित उप-समिति द्वारा दिल्ली-एनसीआर में प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर बुलाई गई आपातकालीन बैठक के बाद लिया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दैनिक एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार, रविवार को दिल्ली का दैनिक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक शाम 4 बजे 441 रहा और शाम 7 बजे यह बढ़कर 457 हो गया। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब, 401 से 450 के बीच को गंभीर और 450 से ऊपर को गंभीर से अधिक माना जाता है।

## हिमाचल सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का दायरा बढ़ाया, अब परित्यक्त बच्चों को भी मिलेगा लाभ

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का दायरा बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि वर्तमान में यह योजना प्रदेश के छह हजार अनाथ बच्चों को लाभ पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि अब यह योजना विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहे सरेंडर और परित्यक्त बच्चों की भी मदद करेगी। परित्यक्त बच्चों से तात्पर्य ऐसे बच्चों से है जिनके जैविक या दत्तक माता-पिता, अभिभावकों ने उनका त्याग कर लिया है जबकि सरेंडर बच्चों में वह बच्चे शामिल हैं जिनका माता-पिता या अभिभावकों ने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कारणों से त्याग किया है। इन बच्चों को इस योजना के तहत लाभान्वित करने से उनका सम्पूर्ण विकास सुनिश्चित होगा। उनकी मानसिक, आर्थिक, सामाजिक एवं भावनात्मक आवश्यकताएं भी पूर्ण होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्तारित मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत जिलों में बाल कल्याण समितियां पात्र बच्चों को प्रमाण पत्र जारी करेंगी। उन्होंने कहा कि अन्तिम स्वीकृति के उपरांत इन बच्चों को 14 वर्ष की आयु तक एक हजार रुपये और 18 वर्ष की आयु तक 2500 रुपये प्रतिमाह वित्तीय सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त इन बच्चों को 27 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 4 हजार रुपये का जेब खर्च दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इनकी उच्च शिक्षा के लिए व्यय भी वहन करेगी और छात्रावास उपलब्ध न होने की स्थिति में पीजी की सुविधा के लिए 3 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन बच्चों को स्टार्ट-अप शुरू करने के लिए 2 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे जिससे वे स्वावलंबी बन सकें। इसके साथ घर बनाने के लिए उन्हें 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और विवाह के लिए 2 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में अनाथ बच्चों की देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य है। इन बच्चों की शिक्षा, कल्याण और समग्र विकास सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश सरकार इनके भ्रमण के दौरान तीन सितारा होटल में ठहरने और हवाई यात्रा अनुभव के लिए उनकी वार्षिक हवाई यात्रा को भी वित्त पोषित करेगी।

# उनके पास खुद का वोट बैंक तक नहीं, हम ही असली शिवसेना: एकनाथ शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव करीब आने के साथ सियासी हमले भी तेज हो चले हैं। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिंदे शिवसेना के मुखिया एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर हमला बोला है। उन्होंने कहाकि उद्धव ठाकरे के पास खुद का कोई वोट बैंक नहीं है। वह कांग्रेस के वोट बैंक पर आश्रित हैं। इसके अलावा शिंदे ने महायुति गठबंधन में किसी भी तरह की दरार होने से भी इनकार किया। साथ ही यह भी कहाकि महायुति गठबंधन आगामी चुनाव में बड़ी जीत हासिल करेगा। शिंदे ने उद्धव ठाकरे के शिवसेना चुराने के आरोप का भी जवाब दिया। 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर करारा हमला बोलते हुए कहाकि लोकसभा चुनाव में उन्होंने जो बढ़त हासिल की थी वह कांग्रेस के दम पर थी। इंडिया टुडे के मुताबिक महाराष्ट्र के सीएम ने कहाकि उद्धव ठाकरे के पास अपना नहीं, बल्कि कांग्रेस का वोट बैंक है। इसका ही असर लोकसभा चुनाव में दिखा था। उन्होंने कहाकि शिवसेना के जो बेस वोटर्स हैं वो हमारे साथ हैं। शिंदे ने इसके लिए वोटिंग आंकड़ों का भी हवाला दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहाकि आम चुनाव में महाराष्ट्र के वोटरों ने अपना नजरिया स्पष्ट कर दिया।



शिंदे के मुताबिक उद्धव का स्ट्राइक रेट 42 परसेंट था, जबकि हमारा स्ट्राइक रेट 48 परसेंट। शिवसेना के नाम पर जो 19 फीसदी वोट पड़े उसमें 13 परसेंट हमारा था। कोंकण, ठाणे और संभाजी नगर में जिस तरह से उनकी पार्टी नाकाम रही, उससे यह स्पष्ट हो जाता है। शिंदे ने कहाकि ऐसे ही नतीजे विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेंगे। इस दौरान शिंदे ने उद्धव ठाकरे के उस आरोप का भी जवाब दिया, जिसमें वह शिवसेना चुराने की बात कहते हैं। इसके जवाब में उन्होंने आदर्शों के अंतर की बात कही। उन्होंने कहाकि बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र के आदर्श हैं। पूरी जिंदगी वह कभी भी कांग्रेस के साथ जाने के पक्ष में नहीं रहे। लेकिन उनका बेटा होने के बावजूद उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस से गठबंधन करके बालासाहेब के सिद्धांतों से समझौता किया। उन्होंने निजी फायदे के लिए शिवसेना-भाजपा गठबंधन को मिले बहुमत का गलत इस्तेमाल किया। एकनाथ शिंदे ने आगे भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व की आलोचना की। उन्होंने कहाकि उद्धव ने मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने पिता के आदर्शों को किनारे कर दिया। वह तो बालासाहेब के नाम का इस्तेमाल करने के भी हकदार नहीं हैं। महायुति में मुख्यमंत्री पद के लिए चर्चाओं को लेकर शिंदे ने कहाकि सत्ताधारी गठबंधन में ऐसी कोई रेस नहीं है।

# कार्लसन बने टाटा स्टील इंडिया शतरंज विजेता

## जीते रैपिड - ब्लिट्ज़ के दोहरे खिताब



**कोलकाता, एजेंसी।** टाटा स्टील इंडिया के सातवें संसकरण में दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और पाँच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए इतिहास को दोहरा दिया है।

2018 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कार्लसन नें 2019 में पहली बार भाग लिया था और तब भी उन्होने रैपिड और ब्लिट्ज़ के दोहरे खिताब अपने नाम किए थे और अब तक सिर्फ वे ही यह कारनामा कर चुके है। भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरीगैसी नें दोनों खिताब अलग अलग वर्षो में अपने नाम किए है। रैपिड में कार्लसन नें एकतरफा अंदाज में खिताब अपने नाम किया, उन्होने रैपिड के कुल 9 राउंड में छह जीत और 3 ड्रॉ के साथ 7.5 अंक बनाए और पहले स्थान पर रहे। रैपिड में 5.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर भारत के आर प्रज्ञबन्दा दूसरे और यूएसए के सो वेसली तीसरे स्थान पर रहे।

ब्लिट्ज़ में कुल 18 राउंड हुए और एक समय भारत के अर्जुन एरीगैसी सबसे आगे चल रहे थे पर पर अर्जुन आखिरी के तीन राउंड में पहले हमवतन विदित गुजराती से, फिर मैगनस कार्लसन से और आखिर में प्रज्ञानन्दा से हारकर तीसरे स्थान पर रहे उन्होने कुल 18 राउंड में 10.5 अंक बनाए, कार्लसन 13 अंक बनाकर पहले और 11.5 अंक बनाकर यूएसए के वेसली सो दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रैपिड का खिताब रूस की आलेक्सन्द्रा गोरयाचकीना नें अपने नाम किया, जॉर्जिया की नाना दगनिडजे दूसरे और भारत की वन्तिका अग्रवाल तीसरे स्थान पर रही.

## एटीपी फाइनल्स टेनिसः

# सिनर ने जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

### इटली के पहले टेनिस खिलाड़ी बने, फ्रिट्ज को हराया



**तूरिन (इटली), एजेंसी।** फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में दो बार के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था। माना जा रहा था कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होगा, लेकिन सिनर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। इटली के यानिक सिनर ने अमेरिका टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया। श्रेष्ठ आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जाने वाले वर्ष के अंतिम टूर्नामेंट को जीतने वाले वह इटली के पहले खिलाड़ी हैं।

विश्व नंबर एक सिनर इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीत चुके हैं। इस टूर्नामेंट के ही दौरान उन्होंने विश्व नंबर एक की ट्रॉफी भी ग्रहण की थी। सिनर और फ्रिट्ज के बीच यह हाल के महीनों में तीसरा मुकाबला था। तीनों ही मुकाबलों में सिनर को जीत मिली। दोनों के बीच यूएस ओपन का फाइनल भी खेला गया था। इस टूर्नामेंट के ग्रुप दौर में भी दोनों खिलाड़ी आमने-सामने रहे, जहां सिनर समान स्कोर 6-4, 6-4 से जीते। फाइनल में सिनर को स्थानीय दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने दोनों ही सेटों में फ्रिट्ज की एक-एक बार सर्विस तोड़ी। फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में दो बार के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था। माना जा रहा था कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होगा, लेकिन सिनर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। सिनर इस वर्ष विवादों में रहे हैं।

वह दो बार डोप पॉजिटिव पाए गए, लेकिन उन्हें आरोपों से बरी कर दिया। उन्हें बरी किए जाने के मामले में वाडा ने अपील कर रखी है। जिस पर फैसला वर्ष की शुरुआत में आना है। युगल का खिताब जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज ने जीता। दोनों ने फाइनल में क्रोएशिया के मैट पेविच और अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो को 7-5 (5), 7-6 (6) से हराया।

# केकेआर ने आवेश को 10 करोड़ में खरीदा

- आरसीबी ने साई किशोर पर लगाया दांव!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन 24 नवंबर से आयोजित होगा. इससे पहले कई मॉक ऑक्शन हो चुके हैं. टीम इंडिया के खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने भी मॉक ऑक्शन का आयोजन किया. इसमें आवेश खान 10 करोड़ रुपए में बिके. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा. वहीं साई किशोर पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने बड़ा दांव लगाया. उमेश यादव और नवीन-उल-हक को भी अच्छी रकम मिली.

दरअसल अश्विन ने मॉक ऑक्शन का आयोजन किया है. उन्होंने इसका वीडियो यूट्यूब पर शेयर भी किया है. अश्विन के मॉक ऑक्शन में कई खिलाड़ियों पर बोली लगी. आवेश को केकेआर ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा. उन्हें मेगा ऑक्शन में भी अच्छी रकम मिल सकती है.आवेश को राजस्थान रॉयल्स ने रिटेन नहीं किया था. वे टीम इंडिया के लिए भी खेल चुके हैं. साई किशोर पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे. लेकिन गुजरात ने उन्हें रिलीज कर दिया. साई किशोर ने अब तक आईपीएल में 10 मैच खेले हैं और इस दौरान 13 विकेट झटके हैं. वे टीम इंडिया के लिए 3 टी20 मैच भी खेल चुके हैं. अश्विन के मॉक ऑक्शन में साई किशोर को आरसीबी ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा.

# अमेरिका पहुंचा चैंपियंस ट्रॉफी का मामला







### पाकिस्तान ने भारत पर उठाया सवाल, मिला ये जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है. भारतीय बोर्ड के इस फैसले के बाद से ही बवाल मचा हुआ है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बौखलाया हुआ है और भारतीय टीम को अपने देश में लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है. इसके लिए वह हर जगह से अपने पक्ष में मदद जुटाने की लगा हुआ है. पहले पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी इंग्लैंड के समर्थन के लिए लंदन पहुंचे थे. अब इसमें पाकिस्तानी पत्रकार भी उसका साथ दे रहे हैं. इंग्लैंड के बाद उन्होंने इस मामले को अमेरिका तक पहुंचा दिया है और इस मुद्दे पर अपने पक्ष में समर्थन जुटाना चाहा लेकिन निराशा हाथ लगी.

### अमेरिका ने चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर क्या कहा?

पाकिस्तान की कोशिश है कि चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के पक्ष को वैश्विक स्तर पर गलत ठहराकर दबाव बनाया जाए. इसलिए एक पाकिस्तानी पत्रकार ने दुनिया के सबसे मजबूत देश माने जाने वाले अमेरिका के सामने इस मुद्दे को उठाकर उनके रुख को जानना चाहा.

लेकिन उसे सभी के सामने मुंह की खानी पड़ी. दरअसल, विदेश विभाग की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार ने अमेरिकी अधिकारी से बताया कि 'यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप के बाद दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट इवेंट है और इसका आयोजन पाकिस्तान में होना है और भारतीय टीम को इसमें हिस्सा लेना था लेकिन उनकी सरकार ने इसके लिए मना कर दिया है. राजनीतिक तनाव की वजह से टीम इंडिया 2008 के बाद से पाकिस्तान नहीं आई है.'

पत्रकार ने ये बताने के बाद पूछा कि 'क्या आपको लगता खेल के साथ राजनीति को मिलाना एक अच्छा आइडिया है? इस पर आपकी क्या राय है?' इसके बाद अमेरिकी अधिकारी ने मामले पड़ने से साफ तौर पर इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि ये दो देशों का मामला है और वह इस पर कुछ नहीं बोल सकते. इस मामले को भारत-पाकिस्तान को आपस में सुलझाना होगा. वो इसमें शामिल नहीं हो सकते. हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि बिना किसी शक के खेल एकजुट करने वाली शक्ति है.

### इंग्लैंड ने दिया था साथ

क्रिकेट की दुनिया में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड का एक बड़ा कद है. इसलिए बीसीसीआई से विवाद के बाद उसका साथ पाने के लिए मोहसिन नकवी लंदन पहुंच गए थे. उन्होंने ईसीबी के चेयरमैन रिचर्ड थॉम्पसन से मुलाकात कर उनका साथ मांगा. मीटिंग के बाद ईसीबी ने दबे शब्दों में ही सही लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के मुद्दे पर पाकिस्तान का साथ दिया.

थॉम्पसन ने इशारों-इशारों में बीसीसीआई के सुरक्षा की चिंता वाली बात को काटने की कोशिश की थी. उन्होंने कहा था कि इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान का दौरा बेहद ही शानदार था. थॉम्पसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान को अपनी शुभकामनाएं भी दे दी. इसके बाद नकवी ने थॉम्पसन को आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान ने सारी तैयारी कर ली है और टूर्नामेंट की सफल मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है.

# चेतेश्वर पुजारा की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में एंट्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेतेश्वर पुजारा को भले ही टीम इंडिया ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए स्क्वाड में शामिल नहीं किया लेकिन इसके बावजूद अब ये खिलाड़ी इस सीरीज में नजर आने वाला है. चेतेश्वर पुजारा मैदान के अंदर तो नहीं लेकिन मैदान के बाहर से अपना जलवा दिखाने वाले हैं. दरअसल चेतेश्वर पुजारा को इस सीरीज के लिए एक खास जिम्मेदारी मिली है.



पुजारा इस सीरीज में कमेंट्री करते नजर आएंगे और इसके लिए उन्हें अच्छी-खासी रकम भी मिलेगी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुजारा को स्टार स्पोर्ट्स ने हिंदी कमेंट्री के लिए साइन किया है और ऐसे में वो इस प्रतिष्ठित सीरीज के दौरान अपनी एक्सपर्ट राय फैंस के साथ साझा करते दिखेंगे.

### पुजारा का सेलेक्शन नहीं हुआ

चेतेश्वर पुजारा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर हैं. हाल ही में ये खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी और उसके साथ-साथ काउंटी क्रिकेट में अपना दम दिखा रहा था लेकिन उनकी टीम इंडिया में वापसी नहीं हो पाई. बड़ी बात ये है कि पुजारा का बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रिकॉर्ड भी कमाल है. वो इस प्रतिष्ठित सीरीज में 50.82 की औसत से 2033 रन बना चुके हैं.

# 52 साल का ये पूर्व खिलाड़ी बनेगा पाकिस्तान वनडे-टी20 टीम का नया कोच



**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के वनडे और टी20 क्रिकेट टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले ये पद छोड़ दिया था और फिर टेस्ट टीम के कोच जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान का अस्थाई वनडे और टी20 कोच बनाया गया था। हालांकि गिलेस्पी ने साफ कर दिया था कि वो इस जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ हैं और वो टेस्ट कोच बने रहना चाहते हैं। वहीं दूसरी तरफ अब पाकिस्तान के वनडे और टी20 टीम के नए कोच पूर्व खिलाड़ी आकिब जावेद को बनाया जा सकता है।

आकिब जावेद पाकिस्तान टीम के मौजूदा नेशनल सेलेक्टर हैं और इस पूर्व तेज गेंदबाज को जिम्बाब्वे दौरे से पहले वनडे और टी20 टीम का स्थाई कोच नियुक्त किए जाने की संभावना है। पाकिस्तान 24 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा इंडिया टूडे से कहा कि जावेद जो शुरू में कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए राजी नही थे उन्हें अब चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए मना लिया है। सूत्र ने कहा कि सोमवार को अपना अंतिम टी20 मैच खेलने के बाद पाकिस्तान की टीम सीधे ऑस्ट्रेलिया से हरारे के लिए उड़ान भरेगी और नए कोच आकिब जिम्बाब्वे में ही टीम के साथ जुड़ेंगे।

आकिब जावेद पाकिस्तान सुपर लीग में लाहौर कलंदर्स के कोच रह चुके हैं साथ ही वो हाल ही में श्रीलंका टीम के गेंदबाजी कोच भी थे। इसके अलावा वो पहले पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच और अंडर-19 टीम के मुख्य कोच भी रह चुके हैं।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराकर खत्म किया 12 साल का इंतजार, क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

**कोलंबो, एजेंसी।** दिग्गज बैटिंग ऑलराउंडर सनथ जयसूर्या जब से श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के हेड कोच बने हैं, तब से ही श्रीलंकाई टीम के खेल में काफी बदलाव देखने को मिला है. श्रीलंकाई टीम एक के बाद एक बड़े कारनामे करती जा रही है. श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच पल्लेकेले के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. इस मैच में श्रीलंका ने रोमांचक जीत हासिल की और 12 साल से चलते आ रहे एक इंतजार को भी खत्म किया.

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मैच में शानदार टक्कर देखने को मिली. न्यूजीलैंड की टीम इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.1 ओवर ही खेल सकी और 209 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस दौरान मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए. वहीं, मिचेल हे ने 49 रनों का योगदान दिया और विल यंग ने भी 26 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टीक सका. दूसरी ओर श्रीलंका के लिए महेश थीक्षाना और जेफ्री वेंडरसे ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट लिए.



लेकिन, 210 रनों के टारगेट के जवाब में श्रीलंका ने अपने 7 विकेट 163 रन पर ही गंवा दिए. ऐसे में ये मैच न्यूजीलैंड के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा था. लेकिन कुसल मेंडिस के बल्ले से एक मैच विनिंग पारी देखने को मिली. उन्होंने नाबाद 74 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया. वहीं, महेश थीक्षाना ने गेंद के बाद बल्ले से भी कमाल किया. महेश थीक्षाना ने 44 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया. बता दें, सीरीज का पहला मैच भी श्रीलंका के नाम ही रहा था. ऐसे में अब श्रीलंका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है.

### श्रीलंका ने खत्म किया 12 सालों का इंतजार

बदा दें, श्रीलंका ने 12 साल के बाद न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज में हराया है. इससे पहले उन्होंने ये कारनामा साल 2012 में किया था. वहीं, श्रीलंका ने अपने घर पर लगातार छठी वनडे सीरीज जीती है. ये श्रीलंका क्रिकेट के इतिहास में ये पहला मौका है जब उन्होंने अपने घर पर लगातार 6 सीरीज जीती हैं. इससे पहले श्रीलंका ने 1997 और 2003 में लगातार 5-5 सीरीज जीती थीं.

# हर्षित या प्रसिद्ध पर्थ टेस्ट में किसे मिलेगा मौका!

## शमी पर भी आई अपडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और उनके सीनियर साथी प्रसिद्ध कृष्णा 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में तीसरे तेज गेंदबाज की जगह लेने की दौड़ में हैं।

सिर्फ 10 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले हर्षित के बारे में कहा जा रहा है कि वह लगातार 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अधिक की गति और अच्छी उछाल हासिल करने की क्षमता के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बड़े-बड़े दिग्गजों को भी प्रभावित किया है।



पर्थ के वाका मैदान पर भारत के नेट अभ्यास के दौरान हर्षित ने कई मौकों पर अपनी तेज गति से बल्लेबाजों को परेशान किया। दूसरी ओर भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कर्नाटक के इस खिलाड़ी के साथ काफी समय बिताया जिन्होंने हाल ही में मैकाय और मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 'ए श्रृंखला के दौरान प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। प्रसिद्ध को 2 टेस्ट खेलने का अनुभव है और अच्छा उछाल हासिल कर सकते हैं। इस बीच मोहम्मद शमी की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी हो सकती है लेकिन ऐसा श्रृंखला के दूसरे हाफ में ही हो सकता है। चीजों की जानकारी रखने वालों ने बताया कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय चयनकर्ता चाहते हैं कि शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कुछ और प्रतिस्पर्धी मैच खेलें जिससे यह देखा जा सके कि कई मैचों के बाद भी उनका शरीर ठीक है या नहीं, फिर भले ही यह सफेद गेंद का टूर्नामेंट हो।

मुख्य कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए बंगाल टीम का चयन कल किया जाएगा। अगर शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए नहीं जाते हैं तो मेरा मानना है कि वह बंगाल के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## एशियन गेम्सः

# एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विस्मया डोप में फंसीं, जकार्ता 2018 में 400 मीटर रिले में जीता था सोना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल विस्मया का सैंपल 24 अगस्त को उनके गृह नगर कन्नूर में लिया गया था। बताया जाता है कि उन्होंने प्रतिबंधित दवा लेने की बात स्वीकार करते हुए अस्थाई प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है।

जकार्ता एशियाई खेलों में जोरदार अंतिम फर्राटा भरते हुए भारत को चार गुणा चार सौ मीटर रिले का स्वर्ण पदक दिलाने वाली 400 मीटर की एथलीट वीके विस्मया डोप में फंस गई हैं। नाडा की ओर से किए गए आउट ऑफ कंपटीशन टेस्ट में उनके सैंपल में स्टीमुलेंट क्लोमिफेन पाया गया है। हांगझोऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली शॉटपुटर किरन बालियान के बाद डोप में फंसनी वाली वह दूसरी बड़ी एथलीट हैं।

### अस्थाई प्रतिबंध लगा

नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल विस्मया का सैंपल 24 अगस्त को उनके गृह नगर कन्नूर में लिया गया था।

बताया जाता है कि उन्होंने प्रतिबंधित दवा लेने की बात स्वीकार करते हुए अस्थाई प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। विस्मया ने 2018 के एशियाड में हिमा दास, एमआर पूवम्मा, और सरिताबेन गायकवाड़ के साथ मिलकर रिले का स्वर्ण जीता था। उन्होंने 2019 की दोहा एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की चार गुणा चार सौ मीटर रिले और चार गुणा चार सौ मीटर मिश्रित रिले के रजत पदक भी जीते थे।

## इंग्लैंड-वेस्टइंडीजः



# आखिरी टी-20 बारिश में धुला, अंग्रेजों ने 3-1 से जीती 5 मैचों की सीरीज

**सेंट लूसिया, एजेंसी।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसे में इंग्लिश टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। पिछला मुकाबला वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता था। सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में रविवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में बिना नुकसान के 44 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। बाद में इसे रद्द कर दिया गया। साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज का स्कोर 44/0, लुईस-होप नाबाद रहे खेल रोके जाने तक वेस्टइंडीज ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए थे। ओपनर इवेन लुईस 20 बॉल पर 29 और शाई होप 10 बॉल पर 14 रन बना चुके थे। दोनों ने 44 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अमानगंज में निकाली गई रैली

## सर्व आदिवासी समाज एवं एकलव्य सेना के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**पन्ना।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को पूरे जिले में मनाई गई जिला स्तरीय आयोजन सर्व आदिवासी समाज व एकलव्य सेवा के तत्वाधान में अमानगंज के स्टेडियम में किया गया यहां पर प्रात 11 बजे से आसपास के गांव से काफी संख्या में आदिवासी वर्ग सहित विभिन्न वर्गों के लोग एकत्रित होना शुरू हो गए यहां पर मंचीय कार्यक्रम जनपद सदस्य प्रकाश सौर के मुख्यआतिथ्य व पार्षद रामपाल, रामस्वरूप, मदारी, जितेंद्र जाटव, दशरथ सिंह यादव, नत्थू सिंह यादव के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष देबू गौड़ ने कहा ऐसे बहुत सारे गांव हैं जहां सड़क नहीं है उसमें वन विभाग द्वारा एनओसी दी जाए एवं वन विभाग द्वारा क्षेत्र में पहले से बने रास्ते बंद किए जा रहे हैं उन्हें खोला जाए जातिगत जनगणना कराई जावे जिसकी जितनी संख्या है उसे उसकी उतनी हिस्सेदारी मिलना चाहिए। श्री गौड़ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से गरीब निवास करते हैं उनका कोई भी गरीबी रेखा के कार्ड नहीं है ऐसे लोगों के कार्ड बनाने के लिए प्रशासन को शीघ्रता के साथ कार्य करना चाहिए पूरे जिले के अंदर गरीबों को प्रधानमंत्री आवास में भेदभाव किया जा रहा है जिसकी जांच कार्यवाही की जाए और उन गरीबों को आवास दिलाए जाएं। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में जो भी विस्थापन हो रहे हैं उसमें भारी भ्रष्टाचार है एक जिला स्तरीय कमेटी और ग्रामीणों को भी शामिल किया जाए और सभी चीजों का आकंलन करके उचित मुआवजा की राशि दी जानी चाहिए। एकलव्य सेवा के अध्यक्ष किसान व मजदूर नेता जयराम यादव ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है की जो कई पीढ़ियां बनभूमि में काबिज है उनके पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं और बेदखली की कार्यवाही वन विभाग द्वारा की जा रही है जिसके लिए हम सबको एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कहा कि आज के दिन हम संकल्प ले की जो भी गरीब ग्रामीण भूमिहीन है उनको सरकार से 5 एकड़ के पट्टे दिलवाए जाने के लिए हम संघर्ष करेंगे। श्री यादव ने कहा की पन्ना जिले में मजदूरों की मजदूरी बहुत कम है महंगाई को देखते हुए दैनिक मजदूरी कम से कम 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से होनी चाहिए रोजगार के साधन नहीं है काम की तलाश में हमारे जिले के गरीब आदिवासी पिछड़ा वर्ग के लोग देश के अन्य राज्यों के लिए पलायन कर रहे हैं जो हमारे लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि जिले के अंदर रोजगार के संसाधन उपलब्ध कारण ताकि गरीब अपने परिवार का भरण पोषण अपने घर पर रहकर कर सके। श्री यादव ने कहा की आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावास भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए उनकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए इसी प्रकार पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील में मझगय बांध, रुंज बांध के ग्रामीण वर्षों से आंदोलन कर मांगे कर रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का निराकरण आज तक नहीं हुआ है। श्री यादव ने कहा कि जिला पंचायत में भ्रष्टाचार का अखाड़ा हुआ है सरकार को चाहिए कि वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक की लोकायुक्त से जांच करवाई जानी चाहिए मंचीय कार्यक्रम के बाद स्टेडियम से एक रैली निकाली गई जो तहसील में पहुंची और वहां मुख्यमंत्री के नाम 18 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार अमानगंज को सौपा गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रविंद्र सौर, प्रीतम सौर, महेश सिंह, राम प्रसाद वर्मा, महिपाल सिंह, अमर सिंह, इंद्रपाल, अमित, नरेश सिंह गोंड, अह्लू, लक्ष्मीकांत, आनंद, रविंद्र गोंड, भीमा गोंड, भभूत सिंह, धूराम चौधरी, बलदेव, बिट्ठू, दीपेंद्र सौर, संजू, दिलासा, पुष्पेंद्र, कमल, राजेश अहिरवार, अजय देवगन, प्राणनाथ, हरिपद, अखंड आदिवासी, दरबारी, बेटा, कमलेश, जितेंद्र, रज्जन कोंदर, लखन पटेल आदि मौजूद रहे।

# विराट इनामी दंगल में पहलानों ने लगाये अपने-अपने दाव पेंच

## हजारों की संख्या में दंगल को देखने उमड़ी भीड़





**पन्ना।** पन्ना जिले के अजयगढ ब्लॉक की बड़ी ग्राम खोरा में वर्षो से चली आ रही परंपरा को अनवरत निभाते हुए कार्तिक पूर्णिमा के ठीक दूसरे दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिनाँक 16 नवम्बर -2024 दिन -शनिवार दंगल का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश ,मध्यप्रदेश और राजिस्थान के साथ साथ हरियाणा राज्यो के जाने माने पहलवानों ने अपनी-अपनी जोड़ी के हिसाब से कुस्तीयों का प्रदर्शन किया और इस दंगल को सफल बनाया। इस खोरा दंगल की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हमारे खोरा पंचायत में विकाश की गंगा बहाने वाले ,विकाश पुरूष ,हमारे नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री (मध्यप्रदेश शाशन) वर्तमान पन्ना विधायक आदरणीय बृजेंद्र प्रताप सिंह दाऊ साहब जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ मे विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी के धरमपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री कौशल किशोर सिंह लोधी जी, महामंत्री मनोज राजा ज वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश निगम, जिला पंचायत सदस्य दिनेश भुर्जी, बृन्दावन पटेल, शारदा सिंगरौल एडवोकेट, राकेश राजपूत (जिला पंचायत सदस्य नरैनी), युवा नेता रामपाल सिंह लोध, चतुरेश सेन, जानकी सरपंच, मिहीलाल सरपंच, और बुंदेल बुंदेलखंड केसरी दशरथ पहलवान जी एवं और भी सैकड़ो की संख्या में राजनीतिक क्षेत्रीय प्रतिनिधियों उपस्थिति सराहनीय रही। और आज इस दगंल कि शोभा बढ़ाने और पहलवानो का उत्शाह वर्धन करने के लिए कई हजारों की संख्या दंगल प्रेमी उपस्थित रहे। और इस दंगल मुख्य निर्णायक रैफरी के रूप में लक्ष्मण सिंह लोध जी रहे।और साथ ही पहलवानो के उत्शाह वर्धन करने और परिचय करवाने के लिए मुख्य उदघोषक के रूप में रतन सिंह लोध एवं राजकुमार रैकवार का सराहनीय सहयोग रहा। और इस दंगल के सफल बनाने में सुरक्षा व्यवस्था के ईवा व्यवस्था के लिए धरमपुर थाना प्रभारी, एवं चौकी प्रभारी खोरा अपने दल बल के साथ उपस्थित रहे। और अंत में पूर्व मंत्री विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने उद्धघोषण मे इस दंगल कार्यक्रम अनवरत के संचालन के लिए ग्राम पंचायत सरपंच शुभकान्त सिंह लोधी की और जनपद सदस्य लालाराम लोध साथ मे इस खोरा दंगल को सफल बनाने में लगी पूरी कमेटी की सराहना की और इस दंगल प्रांगण को एक भव्य शीढ़ी नुमा स्टेडियम के बनाने की घोषण भी की। आज इस दंगल में पधारे आदरणीय विधायक जी का ,और सभी अतिथियों एवं सभी पहलवानों और हजारों की संख्या में पधारे सभी जनता जनार्दन का और पूरी दंगल कमेटी का आभार जताया है।

# शासकीय उ.मा.वि. पगरा में बाल मेले का आयोजन



**अमानगंज।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पगरा में बाल दिवस के उपलक्ष में दिनांक 14 नवंबर 2024 को बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं और रंगोली मेहंदी हेयर कटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई ।साथ ही साथ चम्मच दौड़ कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की दुकान लगाई गई ।जिसमें प्राचार्य के पी पाल और समस्त स्टाफ ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। और साथ ही पैसों का भुगतान किया गया ।इसके साथ विभिन्न व्यंजनों को खाया ।और छात्र-छात्राओं ने भी व्यंजनों की खरीदी की संस्था के प्राचार्य के पी पाल द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई ।कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री शिव प्रसाद लोधी जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल, शिवचरण प्रजापति, राहुल चौरसिया, पूनम सिंह श्रीमती मोहिनी सक्सैना, राजेश राठौर श्रीमती ज्योति छिरोलिया पूनम तिवारी श्रीमती निधि शर्मा श्रीमती स्वाति तिवारी, रत्लेश दहायत, महर्षि पाठक कुमारी सवीना बेगम कुमारी प्रीति पटेल श्री राम प्यारे द्विवेदी अरविंद सिंह राजपूत, अरविंद पांडे एवं जगदीश अहिरवार उपस्थित रहे।

# किसान को मिला 7.44 कैरेट का हीरा

**पन्ना।** जिले के ग्राम जरुआपुर के खेत हीरे उगल रहे हैं जिससे यहां के किसान मालामाल हो रहे हैं। इसी क्रम में दिलीप मिस्त्री पिता गुरुपद मिस्त्री निवासी ग्राम जरुआपुर को आज 16 नवंबर 2024 को सुबह लगभग 11 बजे 7.44 कैरट का नायाब हीरा मिला है जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है। दिलीप ने बताया कि प्रकाश मजूमदार संतू यादव भरत मजूमदार कुल 4 लोग साथ मिलकर हीरा खदान चला रहे हैं, इससे पहले लगभग 15 हीरा मिल चुके हैं यह 16 वां हीरा है। अब तक का सबसे बड़ा हीरा 16.80 कैरट का मिला था जिसकी नीलामी शेष है। आज का हीरा भी 4 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली नीलामी में रखा जाएगा। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि यह हीरा कम उज्जवल किस्म का है।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने यातायात थाना का किया भ्रमण



**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना के छात्र-छात्राओं को शनिवार को बैगलेस डेज एक्टिविटी प्रोजेक्ट इनोवेशन कार्यक्रम अंतर्गत एवं नवीन शिक्षा नीति के तहत यातायात थाना पन्ना का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस कार्यप्रणाली, यातायात जागरूकता, इंटरसेप्टर वाहन से तेज गति वाहन का ऑनलाइन चालान तथा पुलिस द्वारा प्रयोग किए जाने वाले शस्त्रों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए प्राचार्य अमित दाहिया एवं शिक्षकों के नेतृत्व में साइकिल रैली एवं पैदल मार्च भी निकाला। जागरूकता रैली खेजड़ा मंदिर होते हुए यातायात थाना पन्ना पहुँची। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य द्वारा पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा एवं यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार का हरित पौधे भेंटकर स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अविलंब अस्पताल पहुंचाकर नेक नागरिक (गुड सेमेटेरियन) बनने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की सीख भी दी। यातायात प्रभारी ने विद्यार्थियों को यातायात जागरूकता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क यातायात सुरक्षा का आशय दुर्घटना में लोगों को चोट लगने और मृत्यु की घटनाओं को कम करने का प्रयास है। इनमें पैदल चलने वाले, साइकल, गाड़ी चालक या सार्वजनिक यातायात साधनों का उपयोग करने वाले व्यक्ति शामिल हैं। घटना की गंभीरता के आधार पर बनाई जाने वाली रणनीति के बारे में भी अवगत कराया गया। हेल्मेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग का महत्व भी बताया। विद्यार्थियों को थ्री नॉट थ्री टी, एके 47, रिवाल्वर, एसएलआर, ग्रेनेड लांचर शस्त्र तथा दंगा निरोधक वाहन वज्र के बारे में भी बताया गया।

# जनपद पंचायत परिसर में संपन्न हुआ जनजातीय गौरव दिवस

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**पवई**





पूरे देश,प्रदेश सहित पन्ना जिले एवं पवई में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर जन जातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के जनजातीय कार्यक्रम नृत्य, संगीत आदि का आयोजन किया गया,साथ ही पवई विधायक प्रहलाद लोधी, जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा के द्वारा आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों के लिए लगभग आधा करोड़ रुपए के कार्यों का भूमि पूजन किया। इस दौरान पवई विधायक ने भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार के हित में किए गए कार्यों,चलाई जा रही योजनाओं को जनता के सामने रखा,साथ ही उन्होंने सरकार के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी ही है,जिसने समाज के सभी वर्गों के हित के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई। साथ ही विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र इत्यादि वितरित किया गया। बता दें कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के रांची के उलिहातु नामक गांव में हुआ था,मुंडा ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, मुंडा आदिवासी समुदाय के थे और एक विद्रोही आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी,धार्मिक नेता और भारतीय कार्यकर्ता थे। भगवान बिरसा मुंडा ने संस्कृति,स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिएसंघर्ष किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके योगदान को स्मरण करने के लिए जयंती को 15 नवंबर पर प्रति वर्ष जनजातिय गौरव दिवस के आयोजन की परंपरा की शुरुआत की। भगवान बिरसा ने नारा दिया अबुआ दिशुम, अबुआ राज उन्होंने कहा अबुआ राज एते जना, महारानी राज टुंडू जना यानी रानी का राज्य समाप्त कर हमारा राज्य स्थापित करें। इसका मतलब हमारा राज्य हमारा शासन।

# कृष्ण जन्म मे झूमे श्रोता महिलाओ ने गाये बधाई गीत

**पवई।** माता कलेही मंदिर परिसर मे चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित नारायण प्रसाद त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का सुन्दर वर्णन करते हुए कथा कि जब भी धरती पर पापा चार धर्म को धानी पहुंचाने वाले आता ताई बढने लगते है भगवान धर्म और अपने भक्तो की रक्षा करने जन्म लेते है। भगवान का जन्म होते हुए नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयकारे एवं आतिशबाजी से पंडाल गुंजायमान हो गया भगवान के जन्म लेने की खुशी में घंटो महिलाओ ने नृत्य किया बधाई गीत गाए पंडाल मे श्रोताओ की काफी भीड रही समापन पश्चात लड्डूओ का प्रसाद वितरण किया गया।

# आग से जला 3 गरीबो का आशियाना, घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक

## लगभग दो लाख से अधिक का नुकसान



**ककरहटी।** देवरी रनवाहा ग्राम पंचायत के मजरा ग्राम भगेपुर मे 15 नवम्वर की रात्रि 12वजे के लगभग नंदीलाल पिता खुलियां चौधरी व रामसहाय /नंदीलाल , राजेश पिता हीरा चौधरी के कच्चे मकान मे भीषण आग लगने से दो पोर्सन का छप्पर एवं घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया ।तीनो के मकान एक दूसरे से सटे थे तीनों गरीबों के पास आज के खाने पीने और ओड़ने विछाने का सामान भी नही बचा है। पटवारी पंचनामा के अनुसार तीनों मकान जिनकी लम्बाई लगभग 50फीट चौड़ाई 40 फीट थी का छानी-छप्पर का सामान जल कर राख हो गया। घर के अन्दर रखा सारा समान भी खाक हो गया। छानी छप्पर, बांस म्यारी, बल्ली का नुक़सान लगभग तीनों का लगभग दो लाख रू का नुक़सान हुआ है। गल्ला, दो साईकिल, गैस सिलेंडर 1, दो पलंग विछाने , ओड़ने के कपड़े एवं रोजमर्रा का सारा सामान जल कर खाक हो गया। जहां अंनदी लाल व रामसहाय का ढेड़ लाख रू से अधिक का वहीं राजेश चौधरी का अस्सी हजार से अधिक का नुक़सान है। कुल मिलाकर तीनों ग़रीब मजदूरों का दो लाख से अधिक का नुक़सान हुआ। आग लगने का कारण अज्ञात है। सबसे बड़ी समस्या यह कि तीनों के पास ना तो रहने के लिए मकान बचा है और ना ही खाने के लिए अनाज है और ना ही ठंडी से बचने के लिए ओड़ने बिछाने व पहनने के लिए कपड़े है अतः शासन को त्वरित कार्यवाही कर सहयोग प्रदान करना चाहिए।

# प्रबंध संचालक ने जल जीवन मिशन की प्रगति का लिया जायजा

**पन्ना।** म.प्र. जल निगम के प्रबंध संचालक के.वी.एस. चौधरी कोलसानी ने शनिवार को पन्ना जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तथा जिले के 409 ग्रामों में पेयजल प्रदाय के लिए क्रियान्वित सिंघौरा-2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में अजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम कुंवरपुर में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र एवं मझगांय बाँध पर निर्माणाधीन इंटेकवेल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सेफ्टी पार्क, क्वालिटी पार्क एवं मटेरियल टेस्टिंग लैब देखा। यहां समक्ष में कंक्रीट क्यूब का टेस्ट करवाया एवं प्रयोगशाला में रेत, गिट्टी व सीमेंट की जांच की। प्रबंध संचालक ने योजना के कार्य की गति बढ़ाने एवं समय सीमा में योजना का कार्य समाप्त करने के लिए संबंधित फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया।

प्रबंध संचालक ने जिले के सबसे बड़े जलाशय मझगांय बांध की क्रियान्वयन एजेंसी जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं निर्माणकर्ता निविदाकार से भी बांध निर्माण में आने वाली समस्याओं के बारे में पूछा तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। मझगांय बांध से जिले के 527 गांव एवं छतरपुर जिले के लगभग 300 गाँव में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। श्री कोलसानी ने जल शोधन संयंत्र के विभिन्न अवयवों के निरीक्षण उपरांत परिसर में वृक्षारोपण किया।

# अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

## बृजपुर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) की खेती करने वाला 01 आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से करीब 9 क्विटंल 43 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ जप्त



**पन्ना।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले में मादक पदार्थ की खेती, भण्डारण, परिवहन एवं बिक्री करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना बृजपुर क्षेत्र में गाँजा की खेती करने वाले 01 आरोपी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ (गाँजा) के छोटे-बड़े 2505 हरे पेड़ कुल वजनी करीब 09 क्विंटल 43 किलो 600 ग्राम) कीमती करीब-50 लाख रूपये के जप्त का किये गये है। पन्ना पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में समय समय पर मादक पदार्थ (गाँजा) की खेती, भण्डारण, परिवहन एवं बिक्री करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाहियाँ की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के आदेशानुसार पन्ना जिले के प्रत्येक पुलिस थाना में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना बृजपुर में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। जिसके फलस्वरूप दिनांक 15/11/24 को थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानुप्रताप सिंह चौहान को विश्वस्त मुखविर द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम पनारी में साहव सिंह राजगौड़ अपने अधिपत्य वाले खेत में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) की खेती कर रहा है। थाना प्रभारी बृजपुर द्वारा मुखबिर सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी बृजपुर की सहायतार्थ थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह एवं पुलिस लाइन पन्ना व पुलिस थाना धरमपुर के बल को बृजपुर रवाना किया गया। थाना प्रभारी बृजपुर एवं थाना प्रभारी धरमपुर के नेतृत्व में गठित संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम पनारी मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा तो एक खेत में 21-22 साल का व्यक्ति काम करते दिखा। उक्त व्यक्ति ने पुलिस टीम को अपने खेत तरफ आते देखा तो वह काम छोड़कर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करके पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। पूँछताछ किये जाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम को अपना नाम पता बताया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेही के अधिपत्य वाले खेत की तलाशी लिये जाने पर खेत में ज्वार (जुन्डी) के पेड़ो के साथ-साथ अरहर एवं मादक पदार्थ (गाँजा) के हरे पेड़ लगे होना पाये गये। पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ के छोट-बड़े 2505 हरे पौधे वजनी करीब 9 क्विटंल 43 किलो 600 ग्राम कीमती करीब 50 लाख रूपये के जप्त किये जाकर मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना बृजपुर में। अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी - 1. साहव सिह पिता भवानी सिह राजगौड़ उम्र 21 साल निवासी पनारी थाना बृजपुर।

जप्त सामग्री - पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से कुल 9 क्विटंल 43 किलो 600 ग्राम कीमती करीब 50 लाख रूपये का का मादक पदार्थ (गाँजा) जप्त किया गया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 19 नवम्बर 2024 | 8


कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आयोजित अन्तर्विभागीय बैठक में निर्देश दिये गये कि गैर क्रियाशील शौचालयों की पहचानकर उनको क्रियाशील बनाये साथ ही सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शौचालय के हितग्राही को पुरस्कृत करें।



## निर्माण कार्यों के लिए समन्वय से भूमि उपलब्ध कराएं

### कलेक्टर भूमि संबंधी प्रस्तावों की हर सप्ताह समीक्षा करें : कमिश्नर

**रीवा**। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में निर्माण कार्यों के लिए वन भूमि उपलब्ध कराने संबंधी प्रस्तावों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में अधोसंरचना विकास के कार्य बड़ी संख्या में किए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए जहाँ वन भूमि की आवश्यकता है वहाँ के प्रकरण संबंधित विभाग तैयार करके वन विभाग के सहयोग से अनुमति प्राप्त करे। निर्माण कार्यों के लिए एक हेक्टेयर से कम भूमि के लिए प्रस्ताव वनाधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत करें। बड़ी परियोजनाओं में यदि एक हेक्टेयर से अधिक वन भूमि की आवश्यकता है तो उतनी ही भूमि



की प्रतिपूर्ति करते हुए प्रस्ताव वन विभाग के परिवेश पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज कराएं। संबंधित विभाग तथा वन विभाग के अधिकारी प्रकरण के संबंध में समन्वय से प्रयास करके इसका निराकरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि निर्माण कार्यों के लिए यदि वन भूमि की आवश्यकता है तो उसके बराबर राजस्व भूमि वन विभाग को हस्तांतरित करने का परिवेश पोर्टल के दर्ज प्रकरण में उल्लेख करें। यदि एक जिले में पर्याप्त भूमि नहीं है तो संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर से संपर्क करके वन भूमि के प्रतिपूर्ति के प्रयास करें। जल निगम की सभी परियोजनाओं के लिए आवेदन वन विभाग में दर्ज किए जा चुके हैं। इन सभी 17 प्रकरणों में पाइपलाइन तथा टंकी निर्माण के लिए वन विभाग तय समय सीमा में अनुमति प्रदान करे। भू अर्जन के सभी प्रकरणों को आपसी सहयोग और समन्वय से निराकृत करें जिससे निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरे हो सके। बैठक में जल संसाधन विभाग, पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, सेतु विकास निगम, पीआईयू, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग तथा मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यों के लिए वन विभाग को भेजे गए प्रस्तावों की समीक्षा की गई। कमिश्नर ने कहा कि भूमि से संबंधित सभी प्रस्ताव निर्माण कार्यों के अधिकारी केवल कलेक्टर को प्रस्तुत करें। बैठक में रीवा, सीधी, सिंगरौली, सतना, मऊगंज तथा मैहर जिले से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, एसीएफ विजयभूषण मिश्रा, वन मण्डलाधिकारी रीवा एचएल सिंह, वन मण्डलाधिकारी सतना तथा सीधी, अधीक्षण यंत्री अतुल चतुर्वेदी, अधीक्षण यंत्री एसएल धुर्वे, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे, मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल आईके त्रिपाठी, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

**रीवा**। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएँ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय आवश्यक है। ताकि तेज गति से स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तारित किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों और अंतर्विभागीय समन्वय विषयों की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री संदीप यादव और आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने संजीवनी



क्लीनिक में रिक्त पदों पर जल्द से जल्द नियुक्तियाँ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के लिए प्रक्रिया को तेज गति से पूर्ण किया जाए। नवीन गठित ज़िलों में जिला चिकित्सालयों के लिए चिकित्सकीय और पैरामेडिकल पदों की पूर्ति की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की । उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक प्रस्ताव मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग को शीघ्र भेजे जाएँ, ताकि रिक्त पद जल्द भरे जा सकें और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो। शासकीय मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन के विषय पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आईपीएचएस मानक अनुसार रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## 6 ट्रक बिना परमिट जप्त और दो लाख के ऊपर शासन का मोटर यानकर भी बकाया

**रीवा**। परिवहन विभाग रीवा द्वारा परिवहन सुरक्षा स्क्वाड एवं आरटीओ चेक पॉइंट रीवा 2 में वाहन चेकिंग के दौरान 6 ट्रक बिना दस्तावेज एवं बिना परमिट के पाये गये जिनमे मध्यप्रदेध परिवहन विभाग का 2 लाख रुपये का मोटरयान कर भी बकाया पाया गया। जाँच में तीन ट्रक सोहागी टोल के समीप पाये गये जिनके दो ट्रक सोहागी थाना एवं एक ट्रक पुराने परिवहन चेकपोस्ट में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।यह ट्रक उत्तरप्रदेश कि तरफ़ से मध्यप्रदेश की सीमा में बिना दस्तावेज चलाये जा रहे थे। इसके अलावा परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा में भी जाँच के दौरान तीन ट्रक बिना दस्तावेज खनिज का परिवहन करते हुए पाये गये जिन्हें जप्त कर परिवहन कार्यालय रीवा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया इन ट्रकों में मोटरियान कर भी बकाया पाया गया।यह कार्यवाही आर टी ओरीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्कवाड प्रभारी रवि मिश्रा के द्वारा की गई आज की जाच कार्यवाही में 67000 रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है।

ऐसे वाहन जो नियम विरुद्ध संचालित हो रहे है और अवैध खनिज का परिवहन करते है तथा क्षमता से अधिक वाहनों पर माल का परिवहन करते है।उन पर चालानी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी और जांच में बाधा उत्पन्न करने वालों पर होगी वैधानिक कार्यवाही।

## विकासखण्डों में होंगी बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठकें

**रीवा**। जिले के सभी विकासखण्डों में खण्ड स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इस संबंध में अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन कुमार ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान में 19 नवम्बर, गंगेव में 20 नवम्बर, सिरमौर में 21 नवम्बर, त्योंथर में 22 नवम्बर, रीवा में 25 नवम्बर तथा जवा में 27 नवम्बर को बैठकें आयोजित की जा रही हैं। सभी बैठकें जनपद पंचायत कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में स्वामित्व योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्टैण्डअप इंडिया योजना, जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, फसल बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की समीक्षा की जाएगी। विकासखण्ड के सभी बैंक शाखा प्रबंधक तथा विकास विभाग के संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध है।

## समाधान ऑनलाइन की शिकायतें लंबित रहने पर कलेक्टर हुईं नाराज

### एस.डी.एम. के वेतन आहरण पर लगाई रोक

**रीवा**। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल बैठक में समाधान ऑनलाइन, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई सहित विभिन्न फोरम में प्राप्त हुई शिकायतों के निराकरण की विभागवार व अनुभागवार समीक्षा की। समाधान ऑनलाइन की राजस्व से संबंधित शिकायतें लंबित रहने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा त्योंथर, मनगवां, सिरमौर, सेमरिया व जवा के एसडीएम के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त सभी स्तर



की शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकृत कराकर पोर्टल में दर्ज करायें तथा कोई भी विभाग सी व डी श्रेणी में न रहे। उन्होंने अक्टूबर माह की मांगे आधारित शिकायतों को निराकृत कराने तथा सीएम निवास तथा सीएम मानीटरिंग की शिकायतों को निराकृत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की भी विभागवार समीक्षा की जायेगी अतः विभागीय अधिकारी प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करायें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी स्वतः टीएल में उपस्थित रहे आवश्यक होने पर अनुमति लेकर ही प्रतिनिधि भेंजे। उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यालयों में सोलर एनर्जी पैनल लगाये जाने हेतु जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित समस्त एसडीएम, विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान आज से होगा संचालित

### विश्व शौचालय दिवस से होगा अभियान का शुभारंभ

**रीवा**। स्वच्छ भारत मिशन के तहत हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान 19 नवम्बर विश्व शौचालय दिवस से आरंभ होकर 10 दिसंबर तक संचालित होगा। अभियान अवधि में व्यक्तिगत, संस्थागत तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर को संवारने व रंगरोशन कर साफ-सुथरा करने का अभियान संचालित किया जायेगा।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आयोजित अन्र्तविभागीय बैठक में निर्देश दिये गये कि गैर क्रियाशील शौचालयों की पहचानकर उनको क्रियाशील बनाये साथ ही सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शौचालय के हितग्राही को पुरस्कृत करें। स्वच्छता कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही लोगों में व्यवहार परिवर्तन करने व शौचालय के उपयोग के लिये जागरूक करने का भी अभियान इस दौरान संचालित होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर बैठक कर अभियान को क्रियान्वित करायें। व्यक्तिगत शौचालयों को साफ-सुथरा कर रंगरोगन कराते हुए इसके उपयोग व समुदाय में जागरूकता अभियान चलाकर निर्मित शौचालयों की आईएमआईएस में प्रविष्टि कराया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर दो सर्वश्रेष्ठ शौचालयों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर ग्राम पंचायतों से भेजी गई सूची में से सर्वश्रेष्ठ पंचायत व सर्वश्रेष्ठ ब्लाक को भी पुरस्कार दिया जायेगा। बैठक में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित समस्त एसडीएम, जनपद के सीईओ व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक साल में उद्यानिकी फसलों में हुआ 12583 हेक्टेयर क्षेत्र विस्तार

### रीवा जिले में एक साल में उद्यानिकी क्षेत्र में हुई 12583 हेक्टेयर वृद्धि

**रीवा**। रीवा जिले में अनाज, दलहन और तिलहन की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। इनके साथ-साथ उद्यानिकी फसलों का भी बड़े क्षेत्र में विस्तार है। जिले में लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में खेती की जा रही है। इनमें से एक लाख 53 हजार 303 हेक्टेयर में उद्यानिकी फसलें ली जा रही है। इनमें मुख्य रूप से आम, नींबू, अमरूद, आंवला जैसे फलों का क्षेत्र शामिल है। इसके साथ-साथ आलू, टमाटर, प्याज, मिर्च, कद्दू वर्गीय सब्जियाँ भी बड़े क्षेत्र में ली जा रही हैं। औषधीय पौधों की खेती और फूलों की खेती की तरफ भी किसानों की रूचि तेजी से बढ़ी है। एक वर्ष में रीवा जिले में उद्यानिकी फसलों में 12583.75 हेक्टेयर क्षेत्र में वृद्धि हुई है। जिले के कई किसान ड्रैगन फ्रूट, गुलाब, स्ट्राबेरी और गेंदे के फूलों की सफलतापूर्वक खेती कर रहे हैं।

उद्यानिकी फसलों के संबंध में सहायक संचालक योगेश पाठक ने बताय कि रीवा जिले में उद्यानिकी फसलों का तेजी से विस्तार हो रहा है। उद्यानिकी फसल अपनाने वाले अधिकतर किसान प्राकृतिक एवं जैविक विधि से उद्यानिकी फसले ले रहे हैं। प्राकृतिक खेती के लिए 830 किसानों ने पंजीयन कराया है। इनके द्वारा आलू, टमाटर, प्याज, लौकी, तोरई, बरबटी आदि की फसलें ली जा रही हैं। रीवा जिले में एक साल में फलों के क्षेत्र में 323 हेक्टेयर, सब्जी क्षेत्राच्छादन में 2838.5 हेक्टेयर में वृद्धि हुई है। इसी तरह मसाला फसलों के क्षेत्र में 4150 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसमें सर्वाधिक वृद्धि हल्दी के क्षेत्रफल में हुई है। औषधीय पौधों की खेती के क्षेत्र में 211.75 हेक्टेयर तथा फूलो की खेती के क्षेत्र में 60.50 हेक्टेयर में वृद्धि हुई है। इस वर्ष औसत से लगभग 70 प्रतिशत वर्षा होने के कारण उद्यानिकी फसलों में अपेक्षा के अनुरूप वृद्धि नहीं हो पाई है। रीवा जिले के एक जिला एक उत्पाद में शामिल सुंदरजा आम के क्षेत्रफल में 1570 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है।

## पेंटियम पॉइंट मे रक्त दान शिविर का आयोजन, छात्रों ने किया लगभग 50 यूनिट रक्तदान

**रीवा**। शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के करहिया परिसर में पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के छात्रों द्वारा रक्तदान किया गया।महाविद्यालय द्वारा सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता है,इसके पूर्व कई बार महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन जिला प्रशासन तथा अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर किया गया है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय द्वारा आज महाविद्यालय में स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला तथा पुरुष इकाई के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्रों तथा शिक्षकों



द्वारा ब्लड डोनेट किया गया, ब्लड डोनेट कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी एन त्रिपाठी ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार,दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है।नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है।जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है।ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए।इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, सामाजिक कार्यकर्ता परमजीत सिंह डंग महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक यस के त्रिपाठी, प्राचार्या डॉ सीमा शुक्ला महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य क्रियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833